


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,सोमवार 19 फरवरी 2024 ■ माघ शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-321 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### कल्कि धाम भारतीय आस्था के विराट केंद्र के रूप में उभरेगा

**संभल,19 फरवरी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के दौरान पूजा की. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम भी मौजूद हैं. पीएम मोदी ने कहा कि संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की धरती से भक्ति और अध्यात्म की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है. आज एक और पवित्र धाम की नींव रखी जा रही है. मुझे भव्य कल्कि धाम के शिलान्यास को सौभाग्य मिला है. मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज एक ओर हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है तो दूसरी ओर शहरों में हाई टेक इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है. आज अगर मंदिर बन रहे हैं तो देश भर में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं... यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि समय का चक्र घूम चुका है, एक नया दौर आज हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है... इसलिए मैंने लाल किले से कहा था यही समय है, सही समय है.

मोदी ने कहा कि आज यूपी की धरती से भक्ति, भाव और अध्यात्म की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है. आज पूज्य संतों की साधना और जनमानस की भावना से एक और पवित्र धाम की नींव रखी जा रही है. अभी आप सभी की उपस्थिति में मुझे भव्य कल्कि धाम के शिलान्यास का सौभाग्य मिला है. मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा. कई ऐसे अच्छे काम हैं, जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर चले गए हैं. आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं, उनको भी संतों और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से हम पूरा करेंगे.

### वित्त विभाग ने सरकारी खरीदी पर लगाई रोक

**रायपुर,19 फरवरी।** वित्त विभाग ने विभागीय खरीदी पर रोक लगा दी है। वित्त विभाग की तरफ से इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया गया है। इसमें 29 फरवरी के बाद किसी भी तरह की खरीदी नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

### पीएम मोदी ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास

**लखनऊ,19 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तय कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश के संभल पहुंचे। यहाँ उन्होंने विधिविधान और मंत्रोच्चार के साथ कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम भी मौजूद हैं।

## गृहिणी की भूमिका परिवार में नौकरी वाले से कम नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** घर में रहकर सारे काम देखने वाली महिलाओं को उत्तनी तव्वजों ने नहीं मिलती जितना कमाने वाले मर्द या औरत को मिलता है. सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि गृहिणी का काम अमूल्य है. घर की देखभाल करने वाली महिला का परिवार चलाने में अहम रोल है और उसके योगदान को पैसों से आंकना कठिन है. अब आप सोच रहे होंगें कि आखिर सुप्रीम कोर्ट को ऐसा क्यों कहना पड़ा.



दरअसल, मामला एक मोटर दुर्घटना का है. जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मोटर दुर्घटना मामले में मुआवजा बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दिया. पीठ ने 2006 में एक दुर्घटना में मरने वाली महिलाओं को मुआवजा बढ़ाने का निर्देश देते हुए अपने आदेश में कहा कि एक गृहिणी की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी एक परिवार के सदस्य की, जिसकी आय ठोस है. यदि एक गृहिणी द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की एक-एक करके गणना की जाए, तो इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है कि योगदान उच्च स्तर का है और अमूल्य है. वास्तव में, उनके योगदान की गणना केवल पैसों के संदर्भ में करना मुश्किल है.

महिला जिस वाहन में यात्रा कर रही थी उसका बीमा नहीं था, इसलिए उसके परिवार को मुआवजा देने का दायित्व वाहन के मालिक पर आ गया. दुर्घटना के बाद महिला के पति और नाबालिग बेटे को 2.5 लाख रुपये का हर्जाना दिया. इसके बाद परिवार ने उच्च मुआवजे के लिए उत्तराखंड उच्च न्यायालय में अपील की, लेकिन 2017 में उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी गई कि चूंकि महिला एक गृहिणी थी, इसलिए मुआवजा नहीं दिया जाएगा. शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय की टिप्पणी को अस्वीकार कर दिया और कहा, एक गृहिणी की आय को दैनिक मजदूर से कम कैसे माना जा सकता है? हम इस तरह के दृष्टिकोण को स्वीकार नहीं करते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने मुआवज़ा बढ़ाकर 6 लाख रुपये करते हुए वाहन मालिक को मृत महिला के परिवार को छह सप्ताह के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया.

## नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,19 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा के बाद विभाग ने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव श्री बसवराजू एस. ने अधिकारियों को बेहतर साफ-सफाई, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने, अतिक्रमण रोकने, राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, पेयजल तथा विद्युत व्यवस्था के संबंध में परिपत्र जारी कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए सभी नगरीय निकायों में लोगों को आवश्यक सुविधाएं गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराने को कहा है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त सेवा प्रदान करने प्रत्येक सप्ताह तीन दिन, संभवतः हर दूसरे दिन प्रातः किसी एक वार्ड का निरीक्षण कर स्वच्छता, निर्माण कार्य, अतिक्रमण, राजस्व वसूली, पीएम आवास, पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। विभाग ने नगरीय निकाय के हर वार्ड के लिए आवश्यकतानुसार नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। सड़कों तथा नालियों की नियमित सफाई के साथ ही गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स को चिन्हांकित कर ऐसे स्थानों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने अधिकारियों को शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन और सोर्स सेग्रीगेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निकाय में एकत्रित कचरे का निपटान वैज्ञानिक रीति से ही करने तथा खुले में कचरे का परिवहन एवं कचरा जलाने पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। शहर के चौक-चौराहों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया गया है। वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट एवं एसएलआरएम सेंटर का हर महीने निरीक्षण कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। विभाग ने सभी नगरीय निकायों में निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने इनके निरीक्षण और प्रगति की नियमित समीक्षा करने को कहा है। निर्माण सामग्री एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए निकाय में कार्यरत अनुभवी तकनीकी अधिकारियों का गुणवत्ता प्रकोष्ठ गठित कर विभागीय चलित प्रयोगशाला के माध्यम से गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं।

विभागीय सचिव श्री बसवराजू एस. ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने हर निर्माण कार्य के लिए एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है। उन्होंने एक्शन प्लान के अनुसार समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने शहर में भविष्य की जरूरतों को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्यों की योजना बनाने और निर्माण कार्य के दौरान सभी जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने शहरों में अतिक्रमण को रोकने नगर निगमों के आयुक्त तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी एवं निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य बनाएंगे नई पार्टी

**लखनऊ,19 फरवरी।** समाजवादी पार्टी में उपेक्षा का हवाला देकर राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य नई पार्टी बना सकते हैं। सोशल मीडिया पर उनके पोस्ट के मुताबिक, मौर्य ने नई पार्टी का नाम और झंडा लॉन्च किया है। वह 22 फरवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक रैली को संबोधित करेंगे। नई पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी होगा। इसके झंडे में नीला, लाल और हरा रंग होगा। मौर्य ने हाल ही में सपा में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था।

इसके बाद से वह अखिलेश यादव पर निशाना भी साध रहे हैं। अखिलेश यादव को लेकर उन्होंने कहा कि वह राज्य या केंद्र में सत्ता में नहीं हैं. वह कुछ भी देने की स्थिति में नहीं ह।. और अब तक उसने मुझे जो कुछ दिया है, वह सब मैं लौटा दूँगा। उन्होंने कहा कि मेरे लिए विचारधारा महत्वपूर्ण है, पद नहीं। सभी वर्गों का अधिकार एवं कल्याण मेरी प्राथमिकता है। जब भी उस पर हमला होगा, मैं आवाज उठाऊंगा। नई पार्टी बनाने की अटकलों के बारे में पूछने पर एसपी मौर्य कहते हैं, मैंने सब कुछ कार्यकर्ताओं पर छोड़ दिया है। वे जो चाहेंगे वो मुझे स्वीकार्य होगा। मौर्य ने हाल ही में सपा में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अखिलेश यादव को लिखे अपने पत्र में कहा था कि डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया सामाजिक न्याय के पक्षधर थे और उन्होंने 85 बनाम 15 का नारा दिया था. लेकिन, समाजवादी पार्टी लगातार इस नारे को अप्रभावी बना रही है, उन्होंने आरोप लगाया है।




## कांग्रेस ने इनकम टैक्स कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

**रायपुर,19 फरवरी।** बैंक खातों को फ्रिज करने के विरोध में कांग्रेस ने आज आईटी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी की। शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन आकाशवाणी स्थित इनकम टैक्स कार्यालय के सामने किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पूर्व विधायक धनेंद्र साहू,छाया वर्मा,अनीता शर्मा,गिरीश दुबे.उधोराम वर्मा,एजाज ढेबर सहित कांग्रेस के सैकड़ो नेता उपस्थित थे।

## सीट बंटवारे को लेकर उद्धव ठाकरे नाराज

**मुंबई,19 फरवरी।** महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी नेताओं के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत के बीच, उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने 48 लोकसभा सीटों में से 18 पर अपने चुनाव समन्वयक नियुक्त कर दिए हैं. इसमें मुंबई की 6 में से 4 लोकसभा सीटें भी शामिल हैं. उद्धव सेना के इस कदम को महाराष्ट्र की 18 लोकसभा सीटों पर उसके दावे के रूप में देखा जा रहा है. शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई साउथ, मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई नॉर्थ वेस्ट और मुंबई नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीटों पर अपने इलेक्शन कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं. इससे पता चलता है कि उद्धव ठाकरे की पार्टी मुंबई में अपने सहयोगी दलों कांग्रेस और एनसीपी (शरद गुट) के लिए केवल 2 सीटें छोड़ने के लिए इच्छुक है. सीट बंटवारे को लेकर एमवीए की आखिरी बैठक 2 फरवरी को हुई थी. इसके तुरंत बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे.कांग्रेस को लगे इस बड़े झटके के बाद एमवीए नेताओं के बीच कोई चर्चा नहीं हुई. सीट बंटवारे को लेकर एमवीए की पिछली बैठक में प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी भी शामिल हुई थी. प्रकाश अंबेडकर ने एमवीए में सीट बंटवारे पर निर्णय लेने से पहले एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनाने पर जोर दिया था. सीट बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा के लिए महा विकास अघाड़ी की अगली बैठक 22 फरवरी होने की संभावना है. बता दें कि अविभाजित शिवसेना ने 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ा था. महाराष्ट्र की 48 में से 22 सीटों पर उसने अपने उम्मीदवार उतारे थे और 18 सीटें जीती थीं, जिनमें 3 मुंबई की सीटें थीं.

## मैं कहीं नहीं जा रहा: कमलनाथ

### कांग्रेस में बने रहेंगे, राहुल गांधी से चर्चा व बैठक के बाद फैसला

**भोपाल,19 फरवरी।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल नाथ के कल बीजेपी में शामिल होने की चर्चा शुरू होते ही भोपाल से लेकर दिल्ली तक की राजनीति में हलचल मच गया था। इस बीच यह लगभग तय है कि कमलनाथ कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से चर्चा एवं आज समर्थकों के साथ बैठक के बाद कमलनाथ ने पार्टी में बने रहने का फैसला किया है। कमलनाथ ने कहा है कि मैं कहीं नहीं जा रहा। हालांकि कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ समेत कुछ कांग्रेस विधायकों के बीजेपी में शामिल होने की उम्मीद है।



मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पहले ही कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं को खारिज कर चुके हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने रविवार 18 फरवरी को नई दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ से चर्चा की। कमल नाथ के आवास पर करीब आधे घंटे तक चर्चा चली। इस मुलाकात के बाद सज्जन सिंह वर्मा ने मीडिया से कहा कि कमलनाथ से कुछ मुद्दों पर चर्चा हुई है। उन्होंने राहुल गांधी से भी बात की है। मैं उनके साथ 40 साल से हूं। जहां कमल नाथ रहेंगे। मैं वहां रहूंगा। कमलनाथ आज कांग्रेस में हैं और कल भी कांग्रेस में रहेंगे। लेकिन मुझे नहीं पता कि आगे क्या होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि हमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से कोई नाराजगी नहीं है।सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि कमलनाथ फिलहाल मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर फोकस कर रहे हैं। वे जातीय समीकरणों को संतुलित कर रहे हैं। सज्जन सिंह वर्मा ने यह भी कहा कि वे इस पर विचार कर रहे हैं कि किसे टिकट देना चाहिए और किसे नहीं। उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कमलनाथ को लेकर चल रही चर्चाओं को खारिज कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे हैं। कुछ लोगों ने मीडिया का इस्तेमाल किया। मैंने कमल नाथ से चर्चा की है। मीडिया में आ रही खबरें किसी साजिश का हिस्सा हैं। इसके बाद ही चर्चा शुरू हुई। वह व्यक्ति जिसने पार्टी बनाई। जिन्हें इंदिरा गांधी का तीसरा बेटा माना जाता था। जीतू पटवारी ने सवाल उठाया कि वह कांग्रेस कैसे छोड़ सकते हैं?

## नक्सली हमले में शहीद भुआर्य पंचतत्व में विलीन

भानुप्रतापपुर,19 फरवरी



बीजापुर नक्सली हमले में शहीद कंपनी कमांडर तिजउराम भुआर्य को आज हजारों नाम आंखों ने अंतिम विदाई दी. गृह ग्राम हॉटकोंदल में शहीद तिजउराम का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें अंचल के हजारों लोग शामिल हुए. स्कूली बच्चों से लेकर विधायक सावित्री मंडावी समेत कई जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, अधिकारी, कर्मचारी सभी अंतिम संस्कार में शामिलए हुए. कांकेर जिले के ग्राम हाटकोंदल में शहीद भुआर्य को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. कांकेर पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला सहित पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवान को कंधा दिया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा यह छत्तीसगढ़ के जवानों के साथ ही अंचल के लिए और उसके परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, इसकी पूर्ति नहीं की जा सकती. मैं शासन से अनुरोध करूंगी कि उनके परिवार को जो भी मदद हो सके शीघ्र प्रदान की जाए. पुलिस अधीक्षक कांकेर आई के एलसेला ने कहा, शहीद तिजऊ राम भुआर्य की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी. नक्सलियों को और जोश के साथ सुरक्षा बल एवं पुलिस इसका जवाब देंगे. शहीद भुआर्य के कंपनी के छ्स्क्अगस्तीन दास ने कहा कि वह बड़े मिलनसार और वीर कर्मचारी थे. रोज उनसे मेरी बात होती थी. प्रतिदिन शाम को वह मुझे क्षेत्र की खबरें दिया करते थे. मेरा दुर्भाग्य है कि यह परंपरा कल टूट गई.शहीद तिजऊ राम भुआर्य के बड़े भाई गंगाराम भुआर्य ने कहा कि मेरे छोटे भाई की शहादत से मुझे एक ऊर्जा मिली है. मैं भी पुलिस में रहते हुए मातृभूमि की सेवा कर रहा हूं. बता दें कि शहीद तिजऊ राम के बड़े भाई गंगाराम भी दंतेवाड़ा में रहकर पुलिस बल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं.



## हत्या के आरोपियों के अवैध मकानों पर चला बुल्डोजर



**बिलासपुर,19 फरवरी।** सरकंडा स्थित खमतराई में पंकज उपाध्याय हत्याकांड के मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव और होम मिनिस्टर विजय शर्मा के निर्देश के बाद प्रशासन ने एक्शन ले लिया है। पंकज उपाध्याय हत्याकांड के आरोपियों के अवैध मकानों पर बुल्डोजर चला दिया गया है। मृतक के पिता ने डिप्टी सीएम से बुल्डोजर कार्यवाही करने की बात कही थी। जिसके बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने परिजनों को भरोसा दिया था कि, आपको न्याय मिलकर रहेगा। मृतक के पिता की गुहार के बाद बुल्डोजर कार्यवाही जारी है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव और होम मिनिस्टर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने मृतक पंकज उपाध्याय के पिता से बताचीत की थी। इस दौरान मृतक के पिता ने फफक-फफक कर रोते हुए अपना दुःख जाहिर किया था। पिता ने कहा था कि, मेरे घर को दरिंदे कातिलों ने उजाड़ दिया है और मैं बर्बाद हो गया हूं.. पंकज मेरा एकलौता बेटा था। मैं आप लोगों के शरण में हूं, साहब,आरोपियों के घर में भी बुल्डोजर चलवा दीजिए। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, आपके साथ न्याय जरूर होगा। आप खुद को और परिवार वालों को संभालिए, ये बहुत बड़ी दुर्घटना है। हम आपके साथ हैं, न्याय होकर होगा, बिल्कुल चिंता मत करिए।

### संदेशखाली पर संसद की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नईदिल्ली,19 फरवरी ।** संदेशखाली घटना से संबंधित संसदीय आचार समिति की याचिका के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषाधिकार कमेटी की कार्रवाई पर रोक लगा दी। साथ ही उन्होंने लोकसभा सचिवालय को नोटिस भेजा है। रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली घटना से संबंधित संसदीय आचार समिति के नोटिस के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका का सुप्रीम कोर्ट में जिक्र किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि राजनीतिक गतिविधियां विशेषाधिकार का हिस्सा नहीं हो सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी समेत कई अधिकारियों के खिलाफ लोकसभा विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई पर रोक लगा दी।

## सीबीआई ने रेलवे के 4 अधिकारियों को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया

**नईदिल्ली,19 फरवरी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के 2 अलग-अलग मामलों में 4 रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहला मामला दक्षिण मध्य रेलवे, तिरूपति से जुड़ा है। यहां एक वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (एसएसई) और सहायक मंडल विद्युत अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया।दूसरा मामला मध्य रेलवे के सानपाड़ा से जुड़ा है, जिसमें एक एसएसई और एक बिचौलिये को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पूछताछ जारी है।

शिकायतकर्ता एक निजी कंपनी का निदेशक है, जिनको तिरुपति में हेड ऑन जेनरेशन कोचों के रखरखाव के लिए बिजली आपूर्ति प्रणाली स्थापित करने के लिए 2.56 करोड़ रुपये का टेंडर मिला था।निदेशक को 1.99 लाख रुपये के 2 बिलों का भुगतान हुआ। इसके बाद उसे रिश्वत के लिए परेशान किया गया और अनुबंध के बगैर अतिरिक्त काम कराया गया।शिकायतकर्ता से 2.70 लाख मांगे गए, बाद में 40,000 में समझौता हुआ। शिकायत पर सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा।दूसरे मामले में रेलवे अधिकारी ने बिल पास कराने के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता दिल्ली में एक फर्म चलाता है और मध्य रेलवे को सामग्री आपूर्ति करता है।आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से पेटीएम के माध्यम से एक बिचौलिए को ट्रांसफर करने के लिए रिश्वत के रूप में 3 प्रतिशत कमीशन मांगा था। सीबीआई ने पहले बिचौलिए को पकड़ा और उसके बाद एसएसई को गिरफ्तार किया।

### पीएम नरेंद्र मोदी 20 को जाएंगे जम्मू, खोलेंगे सौगातों का पिटारा

**नई दिल्ली,19 फरवरी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को जम्मू के दौरे पर होंगे। इस दौरान वह जम्मू के लोगों को कई सौगात देंगे। वह यहां 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे।पीएम मोदी 20 फरवरी को लगभग 11:30 बजे जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक सार्वजनिक समारोह में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल, सड़क, विमानन, पेट्रोलियम, नागरिक बुनियादी ढांचे सहित कई क्षेत्रों से संबंधित हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के करीब 1500 नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।प्रधानमंत्री विकसित भारत विकसित जम्मू कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ भी बातचीत करेंगे।

एक नजर

## मां महामाया मंदिर में कलश चढ़ाया गया



**कवर्धा, 19 फरवरी।** पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में अत्यंत हर्ष की बात है कि गांव में मां महामाया मंदिर में कलश चढ़ाया गया जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल होकर कलश चढ़ाया गया जिसमें पंडित आशीष कुमार शास्त्री के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए मां महामाया मंदिर में कलश चढ़ाया गया जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती शोभा रामकुमार शर्मा के द्वारा पूजा अर्चना किया गया और मां महामाया में कलश चढ़ाया गया जो गांव के बड़े गोटिया है और साथ ही साथ श्री सप्त चंडी महायज्ञ का आयोजन 10 फरवरी से 18 फरवरी तक ग्राम कोलेगांव में किया गया जिसके अंतिम समापन में मां महामाया मंदिर का कलश एवं प्राण प्रतिष्ठा पूजा किया गया और भव्य शोभायात्रा ग्राम कोलेगांव में श्री सप्त चंडी महायज्ञ के समापन में कलश एवं शोभा यात्रा के द्वारा समापन किया गया इस तरह ग्राम पंचायत कोलेगांव में सभी ग्राम वासी के सहयोग से 9 दिन श्री सप्त चंडी महायज्ञ का आयोजन हुआ था जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती सरिता रज्जू शर्मा गांव के द्वारा संपन्न हुआ श्री सप्त चंडी महायज्ञ में शामिल होकर और आसपास के ग्रामीण लोग भी पहुंचकर इस यज्ञ में शामिल होने का सौभाग्य मिला और हम सब यही मनोकामना किया कि हमारे गांव में घर में सुख शांति समृद्धि बने रहे हम पर सदैव कृपा बनाए रखें जिसमें ग्रामीण उपस्थित रामाधार शर्मा तोमन प्रसाद शर्मा शंभू प्रसाद शर्मा रामकुमार शर्मा राजीव शर्मा पवन कुमार शर्मा केदार शर्मा विनय शर्मा राकेश शर्मा सुरेश पांडे शैलेंद्र पांडे दिनेश पांडे एवं ग्राम वासी कोलेगांव उपस्थित रहे ।

## 175 फरार वारंटी गिरफ्तार



**भिलाई, 19 फरवरी।** भिलाई पुलिस ने इस अभियान में सप्ताहभर में लगभग 175 फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले के थाना चौकियों में लंबित गिरफ्तारी एवं बेमियादी वारंटियों को दृष्टिगत रखते हुए फरार वारंटियों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे पुलिस ने 10 फरवरी से 17 फरवरी तक जिले में लम्बे समय से फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया ।

## 72 वाहनचालकों का चालान



**भिलाई, 19 फरवरी।** भिलाई ट्रैफिक पुलिस ने विगत 18 दिनों में देर रात शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर चेकिंग में 72 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की है। वाहन चालक को 10 हजार रूपय के अर्थदण्ड से दण्डित कर संबंधित वाहन चालक का लाइसेंस सस्पेंड की कार्रवाई की जा रही है ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना के दौरान होने वाली मौत के प्रमुख कारणों में शराब पीकर चलाना भी है चेकिंग अभियान चलाकर शराबी वाहन चालकों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अखिल भारतीय महापौर हॉकी स्पर्धा का समापन,रायपुर ने मारी बाजी

**दुर्ग, 19 फरवरी।** नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महापौर हॉकी ट्रॉफी महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाइन में हॉकी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।मौके पर उपस्थित खेलकुद एवं युवा कल्याण विभाग प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया, राजेन्द्र साहू, एम. आइ. सी. के साथी दीपक साहू, हमीद खोखर,भोला महोविया वार्ड पार्षद नजहत परवीन, बिजेंद्र भारद्वाज कि उपस्थिति मे प्रारंभ किया गया।13 फरवरी से 17 फरवरी तक अखिल भारतीय महापौर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।महापौर धीरज बाकलीवाल ने हॉकी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजयी टीम के खिलाडियों को बधाई और शुभकामनाएं दी,महापौर कप में रायपुर एकेडमी का रहा कब्जा, कवर्धा को 4- 2 गोल से हराया, मैच काफी संघर्ष पूर्ण रहा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने दिया।इस सफल आयोजन के लिए जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने महापौर धीरज बाकलीवाल का आभार व्यक्त किया।आयोजन में जिला हॉकी संघ के अध्यछ अंसार और सचिव गुलाम रहमानी और सभी सहयोगियों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई खेलकूद का विशेष रूप से धन्यवाद किया।महापौर धीरज बाकलीवाल ने देश भर के हॉकी खिलाडियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच उपलब्ध करवाने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि हार जीत तो खेल का हिसा है,खिलाडियों को हार जीत वे से नही बल्कि खेल भावना से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए।

# आत्मरक्षा कार्यक्रम में छात्राओं से चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की कलेक्टर ने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,19 फरवरी।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोडला में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत तीन दिवसीय महिला सुरक्षा कार्यक्रम करके प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एवम कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवम स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल उपस्थित हुए। जिन्होंने छात्राओं को इस दौरान स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया ।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज की छात्राएं एवम अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिन्हें कलेक्टर श्री महोबे मतदान करने के महत्व को विस्तार से बताते हुए उन्हें शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ भी दिलाई।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष लोकसभा आम चुनाव होने वाला है जिसमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए आप अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।उल्लेखनीय है कि शासकीय विवेकानन्द महाविद्यालय बोडला में अध्ययनरत छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 200 से अधिक छात्राएं भाग ले रही हैं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवम स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने भी महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित किया एवम शत प्रतिशत मतदान हेतु उन्हें प्रेरित किया। विदित हो कि जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान हेतु लगातार अपील की जा रही है । आत्मरक्षा कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत मनीष भारती, निकिता डढ़सेना, , सविता तिवारी , डालेश्वरी साहू, राकेश गौतम, उमेश पाठक, आदि उपस्थित थे। आकाश राजपूत, मनीष निषाद एवम कुमुद मिश्रा ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

## शिविर में सेहत की जांच के साथ बच्चों को सिखाए प्राथमिक उपचार के तरीके

**भिलाई।** डॉ आंबेडकर स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ज्ञान ज्योति विद्यालय उरला दुर्ग में रखा गया। इसमें 300 बच्चों के साथ पालको, शिक्षकों व अन्य आगंतुकों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा बच्चों और अभिभावकों को और शिक्षकों को हैंड हाइजीन ओरल हाइजीन,प्राथमिक चिकित्सा चोट लगने पर तथा जलने पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए यह भी बताया गया। विशेष बात यह रही कि कार्डियो रेस्पिरेटरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रदर्शन भी किया गया।

जिसमें अचानक हृदय गति बंद हो जाने पर मरीज को श्वास देने और उसे उसके दिल की धड़कन को चालू करने का प्रयोगात्मक प्रदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया।

# युवा कांग्रेस ने पीएम का पुतला विसर्जन किया :बाल्मिकी वर्मा



**कवर्धा, 19 फरवरी।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले ने बताया कि देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भारतीय कांग्रेस पार्टी व भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक अकाउंटो को सीज करना व किसानों को उनके हक़ से वंचित करने का काम केंद्र मे बैठे मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है।लगातार किसानो पर आँशु गैस छोड़े जा रहे है,सड़क पर किल गाड़ रहे है,ये मोदी सरकार कितने कोशिश कर ले विपक्ष और किसानों की आवाज़ को नही दबा सकती । युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि बीजेपी के चुनाव बॉन्ड योजना तहत घोटाला करने एवं केंद्र सरकार के इशारे पर इनकम टैक्स द्वारा कांग्रेस पार्टी के बैंक एकाउंट फ्रीज़ करना लोकतंत्र का हत्या करने जैसा है।जिसके विरोध में युवा कांग्रेस कवर्धा ने जिला मुख्यालय में मोदी का पुतला पुतला विसर्जन किया।चुनावी बॉन्ड के नाम 95 प्रतिशत भाजपा के पास चंदा है,ये जो घोटाला को छिपाने के लिए मोदी इधर उधर की बाते आम जनता से करते है,कांग्रेस पार्टी पहले से ही संसद में विरोध किया।लेकिन मोदी तानाशाही रुख अपनाते हुए इसे जारी रखा और कुछ दिन पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने असंविधानिक करार देते हुए एसबीआई को नए चुनावी बॉन्ड जारी करने पर रोक एवं पूरे लेनदेन की जानकारी सार्वजनिक करने कहा। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधान सभा उपाध्यक्ष अजय बंजारे,रामगोपाल वर्मा,रमा विश्वकर्मा प्रदीप यादव,मोटू निषाद,सत्या मानिकपुरी,विकाश हिंवानी,प्रदीप निषाद,लूकेश वर्मा,जलेश बघेल,विक्की लहरे,परमानद वर्मा सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर लगाने के लिए हुई अफसरों के साथ प्रारंभिक बैठक

**भिलाई, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कपनी लिमिटेड, दुर्ग, राजनांदगांव एवं जगदलपुर क्षेत्र के अधिकारियों की स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी जीनस के साथ कोहका स्थित रुगंटा कॉलेज के ऑडोटोरियम में बैठक हुई। जिसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। स्मार्ट मीटर होने से सही व सटीक रीडिंग के साथ ही मोबाइल पर बिजली खपत की पूरी जानकारी मिल सकेगी तथा बिजली रिचार्ज और बैलेंस की जानकारी मोबाइल पर ही देखा जा सकेगा। दुर्ग, राजनांदगांव व जगदलपुर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जल्दी ही शुरू होगा। इस कार्य की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की एजेंसी वैपकॉस नई दिल्ली को दिया गया है। विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने सभी राज्यों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना बनाई है। प्रीपेड मीटर को पहले रिचार्ज करना होगा।

# भाजयुमो की बैठक में युवाओं को जोड़ने पर जोर




**कवर्धा, 19 फरवरी।** भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय तेजस्वी सूर्या और प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में हुआ बैठक बताया गया भाजयुमो कबीरधाम ने जिला बैठक मे यह निर्णय लिया गया की ।भाजयुमो जिले के युवाओं को भाजपा से जोडने के लिए युवा चौपाल / यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम करने जा रहा है। पूरे जिले भर में 24 फरवरी, 2024 से 5 मार्च, 2024 तक प्रत्येक नगरी निकाय के वार्ड मे एवं जिला के 468 ग्राम पंचायतों स्थानों पर युवा चौपाल के कार्यक्रम आयोजित करेगा ।जिसमें यशस्वी प्रधानमंत्री जी के सभी योजनाओं को प्रत्येक गांव में जन चौपाल के माध्यम से बताया जाएगा व हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के कार्यों को गांव गांव तक पहुंचाया जाएगा जिससे 18 से 35 वर्ष के 15 हजार युवाओं को जोड़ा जायेगा। युवा चौपाल के कुशल क्रियान्वयन के लिए भाजयुमो जिला भर में 50 से अधिक विस्तारकों की नियुक्ति करेगा। प्रत्येक आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करनी है। इसके साथ ही 2024 के चुनाव हेतु भाजपा के संकल्प पत्र के लिए युवाओं से सुझाव लेने है। बैठक को प्रदेश मंत्री ठा. पियुश सिंह ने संबोधित किया और कहा की युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर ग्राम मे युवा संवाद कर के केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं हर घर तक पहुंचे।साथ ही युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारीयों द्वारा स्वर्गीय मूलचंद साहू के आकस्मिक निधन होने पर श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया।इस अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश मंत्री ठा. पियुश सिंह,जिला अध्यक्ष मनीराम साहू , प्रदेश कार्य समिति सदस्य खिलेश्वर साहू , नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडेय , जिला महामंत्री योगेश चंद्रवंशी अशोक चंद्रवंशी , हुमलाल पटेल, मनोज बंजारे, जिला उपाध्यक्ष तुकेश चंद्रवंशी राजू मरावी, अजय ठाकुर,मनोज वैष्णव सौरभ सिंह जिला मंत्री नितिश चन्द्रवंशी समस्त जिला पदाधिकारी के साथ-साथ मंडल के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे ।

# चौक,चौराहों,गलियों में शराब पीने वालों को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,19 फरवरी।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गाँजा बिक्री एवं परिवहन तथा जुआ, सट्टा, व आम जगह पर शराब का सेवन कर क्षेत्र के माहौल को खराब करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बोडला पुलिस टीम के द्वारा दिनांक-17.02.2024 को क्षेत्रवासी आमजनो/ मुखबिर के सूचना पर आम रास्ता, चौक, चौराहा, गली मोहल्ले आदि आम जगह पर शराब का सेवन करने वाले 10 आरोपियों को पकड़ा गया। जिसमें 01- अपराध क्रमांक 26/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क महेश धुर्वे पिता भोलाराम धुर्वे उम्र 25 साल साकिन खुरमुदा थाना पांडातराई। 02- अपराध क्रमांक 27/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क माखन मेरावी पिता जनक मेरावी उम्र 50 साल साकिन तरेगांव मैदान थाना बोडला, 03- अपराध क्रमांक 28/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क मनोज पात्रे पिता सुंदर लाल पात्रे उम्र 38 साल साकिन सुकवापारा थाना बोडला, 04- अपराध क्रमांक 29/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क अजय साहू पिता बालकराम साहू उम्र 28 साल साकिन बरदुली थाना पिपिरिया जिला कबीरधाम, 05- अपराध क्रमांक 30/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क कैलाश साहू पिता मोहित साहू उम्र 25 साल साकिन बरदुली थाना पिपिरिया जिला कबीरधाम,06- अपराध क्रमांक 31/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क मोहतू बैगा पिता नोहर सिंह बैगा उम्र 30 साल साकिन मुडघुसरी मैदान थाना बोड्ला जिला कबीरधाम,07- अपराध क्रमांक 32/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क सनत यादव पिता गोपाल यादव उम्र 38 साल साकिन तिलईभाठ थाना बोडला जिला कबीरधाम,08- अपराध क्रमांक 33/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क राज पटेल पिता दिनेश पटेल उम्र 19 साल साकिन जैताटोला थाना बोड्ला जिला कबीरधाम,09-अपराध क्रमांक 34/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क रूपेश धुर्वे पिता नारायण धुर्वे उम्र 26 साल साकिन घोंघा थाना बोड्ला जिला कबीरधाम,10- अपराध क्रमांक 35/24 धारा 36 च 1 आबकारी एक्ट आरोपी का नाम ङ्क कुलदीप साहू पिता रामलाल साहू उम्र 32 साल साकिन कुसुमघटा थाना बोडला जिला कबीरधाम के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही कार्यवाही किया गया है। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।

## जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कवर्धा, 19 फरवरी।** कबीरधाम जिले के थाना सहसपुर लोहारा पुलिस को विश्वसनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ। कि थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्र के ग्राम राम्हेपुर में स्थित बलराम साहु के दुकान के सामने कुछ जुआरी 52 पत्ती ताश के माध्यम से नगदी रकम लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे हैं। जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना सहसपुर लोहारा पुलिस टीम के द्वारा मौके पर जाकर मुखबीर के बताये पते पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी 01.परसादी यादव, 02. संतोष साह, 03. खेलुराम सभी सा. रोम्हेपुर थाना लोहारा को आम जगह पर 52 पती ताश से रूपये पैसो पर दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेलते पुलिस टीम के द्वारा गवाहों के समक्ष पकड़ा गया। आरोपियों के जुआ फड से नगदी रकम 1550/-रूपये व 52 पत्ती ताश पुलिस के द्वारा जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक-57/2024 धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रति.अधि. 2022 पंजीबद्ध कर की गई कार्रवाई।

## पुलिस ने स्टंटबाज पर कार्रवाई की



भिलाई। भिलाई ट्रैफिक पुलिस ने स्टंटबाज एक बाइक सवार पर कार्रवाई कर 6 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। बता दें कि तीन दिन पहले ही मरोदा ओवरब्रिज के पास स्टंटबाज बाइक सवार की नवभारत में खबर लगी थी ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि सीजी 07 सीआर 1638 दो पहिया वाहन चालक के द्वारा मरोदा ओवर ब्रिज के आगे व्यस्तम मार्ग पर वाहन पर खड़े होकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वीडियो प्राप्त हुआ था जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वाहन के नंबर के आधार पर पतासाजी कर वाहन के मालिक को वाहन के साथ यातायात मुख्यालय बुलाकर वाहन को जब्त किया गया। वहीं न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया न्यायालय ने वाहन मालिक को 6 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया है।

## कुएं में गिरने से मासूम की मौत

**भिलाई, 19 फरवरी।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र तीन माह के मासूम की कुआं में गिर जाने से मौत हो गई घटना के बाद मोहल्ले में मातम छा गया फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि घटना ग्राम-गिरहोला नंदिनी निवासी संदीप के पुत्र प्रीतम कुमार (1वर्ष तीन माह) के घर के पास बने कुएं में गिर जाने से मौत हो गई घटना के बाद से मृतक की मां सदमें में है पुलिस पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**दुर्ग, 19 फरवरी ।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। महर्षि स्वामी विवेकानंद सभागृह पद्मनाभपुर में जिले के नागरिक अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु बड़ी संख्या में पहुँचे। शिविर में एस.डी.एम., तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी उपस्थित रहकर लोगों की राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण किये। इस दौरान नये ॠण पुस्तिका का वितरण भी किया गया। अनुविभाग के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों ने जिला स्तरीय राजस्व जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदकों से उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर निराकरण भी किये। आज जिला स्तर में जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, फौती, ॠण पुस्तिका, आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन लिये गये। शिविर में नये ॠण पुस्तिका वितरण भी किया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 3563 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 3503 आवेदन निराकृत एवं 60 शेष आवेदन है।

## अधिकारी-कर्मचारी यातायात नियमों का कड़ाई से करें पालन:कलेक्टर

**दुर्ग, 19 फरवरी ।** कलेक्टर सुश्री ॠचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु जिले अंतर्गत पदस्थ जिला प्रशासन एवं पुलिस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अपनी दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने कहा गया हैं। उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने पर यातायात नियमों के अधीन चलानी कार्यवाही, साथ ही उनके विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# आचार्य विद्यासागर महाराज के अंतिम दर्शन को डोंगरगढ़ पहुंचे समाज के लोग

**भिलाई, 19 फरवरी।** आचार्य विद्यासागर महाराज के चंद्रगृह दिगंबर जैन तीर्थ डोंगरगढ़ में देवलोक गमन पर जैन समाज में शोक की लहर फ़ैल गयी। हजारों की संख्या में अंतिम दर्शन हेतु भक्तगण पहुंचे। प्रातः लगभग ढाई बजे 18 फरवरी को डोंगरगढ़ क्षेत्र चंद्रगृह दिगंबर तीर्थ क्षेत्र में जैन मुनियों के समक्ष चंद्रप्रभु भगवान के तीर्थ में अपनी अंतिम सांस लेते हुए राष्ट के अनमोल रतन जैन धर्म के विश्व वंदनी परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के देवलोक गमन पर संपूर्ण राष्ट के साथ जैन समाज में शोक की लहर व्याप्त हो गई और लोग पूज्य गुरुदेव के अंतिम दर्शन पाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के डोंगरगढ़ में हजारों की संख्या में अनेक प्रांतो से पहुंचकर आचार्य श्री के ढोल यात्रा में शामिल होते हुए अग्नि संस्कार मैं श्रीफल और चंदन की लकड़ी अर्पित करते हुए भाव भी नहीं श्रद्धांजलि देते हुए आचार्य श्री को नमन किया इस अवसर पर डूंगरगढ़ के प्रतिभा स्तरीय की ब्रह्मचारिणी दीदी और सैकड़ो की संख्या में बालिकाओं ने पूज्य गुरुवर के अंतिम यात्रा में अपने आंसुओं को रोक नहीं सकी और चारों ओर देश से आचार्य श्री के इस देवलोक गमन पर फोन की घंटियां गुनगुना उठी। आचार्य श्री के देवलोक गमन पर चंद्रगृह तीर्थ क्षेत्र में उन्हें पालकी में विराजित करते हुए उनके संग के परम पूज्य मुनिराज प्रसाद सागर महाराज जी परम पूज्य समता सागर महाराज जी परम पूज्य वीर सागर महाराज जी परम पूज्य उत्कृष्ट सागर महाराज जी सागर महाराज जी .और अनेक मुनि गणों ने अपने गुरु को अंतिम विदा देते हुए त्याग और तपस्या की इस अविस्मरणीय घटना के साक्षात गवाह बनते हुए भाव विभोर होते आज पूज्य गुरुदेव को अंतिम विदाई दिए। अपने गुरु के अंतिम दर्शन पाने के लिए श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर त्रिवेणी जैन तीर्थ भिलाई जैन मिलन रूआबांधा, नेहरू नगर, वैशाली नगर, रिसाली, पद्मनापुर, दुर्ग स्टेशन रोड दुर्ग आदि क्षेत्रों के हजारों धर्म प्रेमी बंधु आचार्य श्री को श्रीफल अर्पण करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रमुख आरके मार्बल किशोर जैन विनोद जैन धीरज बाकलीवाल प्रकाश मोदी अशोक झंझरी प्रदीप सुभाष जैन अनिल जैन बाकलीवाल भागचंद जैन रानू जैन प्रशांत जैन मुकेश जैन चिरंजीव जैन दीपक महावीर धीरज बाकलीवाल नवीन जैन रवि जैन सचिन जैन विश्व व्यापार के श्री प्रदीप जैन प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य राजेश जैन रायपुर चंद्रकांत जैन आनंद जैन डॉ आरके जैन राकेश जैन राजेंद्र जैन गोंदिया डोंगरगढ़ निवासी मांगे भैया रिंकू झंझरी .कमलेश जैन संजय जैन प्रभात जैन अशोक बड़कुल ने श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## हादसे में मासूम की मौत



**भिलाई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के वार्ड 27 शास्त्री नगर बिहारी मोहल्ला में रविवार शाम को बैक करते पिक अप वाहन की चपेट में आने से ढाई साल के एक मासूम की मौत हो गई है मामले में छावनी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दिया है। मृतक मासूम का नाम साजन सोनी बताया गया है। जानकारी के अनुसार ढाई साल का साजन घर पास खेल रहा था। तभी परिवार का ही शख्स अपने पिक अप वाहन को पीछे कर रहा था। इस दौरान वाहन चालक शख्स को साजन नजर नहीं आया। जिससे साजन को गंभीर चोट लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर मौत हो गई।

## निधन

### प्रदीप कुमार वर्मा

**भिलाई, 19 फरवरी।** कवि प्रदीप वर्मा प्रदीप कुमार वर्मा का आकस्मिक निधन विगत रात्रि 18 फरवरी को हो गया। अंतिम संस्कार शिवनाथ मुक्तिधाम में 19 फ़रवरी को किया गया। अंतिम यात्रा 2 बजे निवास स्थान से प्रस्थान की।

### भगवानी देवी

**भिलाई, 19 फरवरी।** श्रीमती भगवानी देवी अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके 17 फरवरी को रात 8.30 बजे प्रभु के चरणों मे लीन हो गई हैं ।उनका अंतिम संस्कार कल 18 फरवरी को दोपहर 2 बजे संपन्न हुआ । उनकी अंतिम यात्रा पैतृक निवास हाथीताल कॉलोनी से हाथीताल कॉलोनी, गुसेश्वर रोड मुक्तिधाम में संपन्न हुयी।शोकाकुल परिवार में बीजेपी के जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख अमित पाहुजा एवं परिवार ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# आचार्य विद्यासागर महाराज का हुआ समाधि मरण, पूरे विश्व में शोक की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 19 फरवरी।** संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का समाधिमरण मरण चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में हुआ । युगदृष्टा ब्रह्मांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज दिनांक 17 फरवरी 2024 दिन शनिवार तदानुसार माघ शुक्ल अष्टमी पर्वराज के अंतर्गत उत्तम सत्य धर्म के दिन रात्रि 2-35 बजे ब्रह्म में लीन हो गए 7 हम सब के प्राण दाता राष्ट्रहित चिंतक परम पूज्य गुरुदेव ने विधिवत संलेखना बुद्धि पूर्वक धारण कर ली थी 7 पूर्व जागृत अवस्था में उन्होने आचार्य पद का त्याग करते हुए 3 दिन के उपवास ग्रहण करते हुए आहार और संघ का प्रत्याख्यान कर दिया था 7 प्रत्याख्यान व प्रायश्चित देना बंद कर दिया था



7 गुरुवर श्री जी का डोला श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र में 18 फरवरी दिन रविवार दोपहर 1 बजे से निकाला गया और चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र पर ही पंच तत्व में विलीन किया गया।

संत शिरोमणि श्री आचार्य विघासागर जी महाराज के देवगमन की खबर मिलते ही पूरे विश्व में शोक की लहर छा गई और महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के लाखों श्रधालु अंतिम दर्शन के लिए तीर्थ स्थल चंद्रगिरी पहुँचे। इस दौरान मंदीर पार्किंग, गुरुद्वारा पार्किंग सहित प्रज्ञागिरी पहाड़ियों तक बीसो हजार गाड़ियों का जमावाडा लगा रहा। वही सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि विद्यासागर जी महाराज के अंतिम दर्शन को सतना से आ रहे 3 लोगो की सड़क हादसे में मौत हो गई। गाड़ी सालेकसा महाराष्ट्र पानगांव मुंडीपार के बीच नहर में अनियंत्रित होकर गिर गई। बताया जाता है कि हादसे में मृतकों का नाम आशीष जैन, जितेंद्र जैन एवम एक अन्य की मौत होना बताया गया है व सालेकसा पुलिस जांच में जुटी है।

विश्वहितचिंतक आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य प.पू. मुनिश्री विमलसागर जी, प.पू. मुनिश्री अनंतसागर जी, प.पू. मुनिश्री धर्मसागर जी एवं प.पू. मुनिश्री भावसागर जी महाराज का प्रवेश श्री बही पार्श्वनाथ दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र मंदसौर मध्यप्रदेश से शाम को हुआ था ,ज्ञात हो कि मुनि संघ का पद बिहार आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शनार्थ चल रहा था अचानक रात्रि में सूचना मिलने के बाद मुनि संघ को आघात पहुंचा। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1946 को विद्याधर के रूप में कर्नाटक के बेलगाँव जिले के सदलगा में शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता श्री मल्लप्पा जी थे, जो बाद में मुनि श्री मल्लिसागर बने। उनकी माता श्रीमंती थी जो बाद में आर्यिका श्री समयमति माताजी बनी।

विद्यासागर जी को 30 जून 1968 में अजमेर में 22 वर्ष की आयु में आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज ने दीक्षा दी, जो आचार्य शांतिसागर शिष्य थे। आचार्य विद्यासागर जी को 22 नवम्बर 1972 में आचार्य श्री ज्ञानसागर जी द्वारा आचार्य पद दिया गया था,आपके सभी घर के लोग दीक्षा ले चुके है। ब्रह्मचारी अनंतनाथ जी( वर्तमान में निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज) और शांतिनाथ जी (वर्तमान में आचार्य श्री समय सागर जी महाराज) आचार्य श्री विद्यासागर जी ने संस्कृत, प्राकृत सहित विभिन्न आधुनिक भाषाओं हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान अर्जन किया था ,उन्होंने हिन्दी और संस्कृत की विशाल मात्रा में रचनाएँ की हैं। 100 से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य का मास्टर्स और डॉक्ट्रेट के लिए अध्ययन किया है।

## एक नजर

### चोरी के प्रकरण में न्यायालय के सम्मन को जानबुझ कर नजरअंदाज करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगांव 19 फरवरी।** 18 फरवरी को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे न्यायालय से प्राप्त स्थायी वारंट आरोपी जो कि न्यायालय द्वारा जारी पेशी दिनांक मे उपस्थित ना होने से बेवजह प्रकरण लंबित रहा , जिससे न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंटी आरोपी जिसकी लगातार पता तलाश किया जा रहा था , दौरान पता तलाश के स्थायी वारंटी आरोपी भावेश कुमार उर्फ राहुल साहू पिता राजेन्द्र कुमार साहू, उम्र- 23 साल , पता- वार्ड नं0 41 शिव चौंक थाना पदनाभपुर, जिला दुर्ग , छ0ग0, को दिनांक 18.02.2024 गिर0 किया गया जिसे राजनांदगांव न्यायालय पेश किया गया है । थाना डोंगरगांव स्टॉफ उपनिरी बेदराम चंद्रवंशी, आरक्षक योगेश साहू , आरक्षक करीम अंसारी महिला आक्षक अभिलाषासिंह , की स्थायी वारंटी की गिर0 कार्यवाही मे विशेष भुमिका रही है ।



### मुख्यमंत्री ने गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्य तिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 19 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजसेवी और महान विचारक श्री गोपाल कृष्ण गोखले की पुण्य तिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि गोखले जी ने राष्ट्र सेवा की नींव मजबूत कर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने चारित्रिक दृढ़ता और आत्मिक विकास पर बल दिया। देश के प्रति निःस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें सदा याद किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 19 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्रपति शिवाजी महाराज की 19 फरवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि शिवाजी महाराज ने साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल पेश की। वे एक कुशल रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी कुशल नीतियों से अनुशासित सेना और सुगठित प्रशासनिक व्यवस्था बनाई। श्री साय ने कहा कि छत्रपति शिवाजी का शौर्य और आत्मविश्वास से भरा व्यक्तित्व आज भी हजारों लोगों को प्रेरित करता है।

### मुख्यमंत्री ने शायर हाजी हसन अली 'हसन' को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 19 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 19 फरवरी को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शायर हाजी हसन अली 'हसन' की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा है कि हाजी हसन अली 'हसन' ने आजीवन उर्दू भाषा और साहित्य की सेवा की। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में राज्य अलंकरण की स्थापना की है। हर वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव के अवसर पर यह अलंकरण उर्दू भाषा और साहित्य के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

### शाउमावि रामपुर में 12 वी के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**अंवरी 19 फरवरी।** 16 फ़रवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में बारहवीं के छात्र छात्रा को सादर बिदाई का समाहरो का आयोजन किया गया । जिसमे संस्था प्रमुख श्री आर के बघेल ,आर के टंडन सर , एच के साहू सर, के के वर्मा सर, बी के निषाद सर, जे के साहू सर, जी के साहू सर व्यायाम शिक्षक, डी के साहू सर, डी के साहू सर, एम के ठाकुर सर, श्रीमती एस अग्रवाल मैम, जे के ध्रुव मैम , पी शर्मा मैम , एस साहू मैम , एल सोन मैम विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।। सभी के उज्वल भविष्य की कामना के साथ सभी को सादर बिदाई दिया गया।

### अंवरी से सोनपुर मार्ग भारी वाहनों की आवाजाही से हो रहा जर्जर

**अंवरी 19 फरवरी।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्राम अंवरी से नेशनल हाइवे 30 तक सड़क बनाया गया है, जिसमें भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद है, फिर भी इस सड़क पर काफ़ी मात्रा में भारी वाहनों का प्रवेश हो रहा है जिससे यह जर्जर हो चूका है। सुनील गायकवाड़ जनपद सदस्य कुरुद क्षेत्र क्रमांक 22 ने अनुविभागीय अधिकारी कुरुद से मांग किया है की इस सड़क पर भारी वाहनों का, रेत से भरी वाहनों का का प्रवेश पूर्णता बंद कराया जाए ताकि यह सड़क सही सलामत रहें और छोटी गाड़ियों को चलने में आसानी हो। उन्होंने आगे कहा की अगर रेत से भरी वाहनों का प्रवेश इस सड़क पर प्रतिबंध नहीं होता है तो 20 फ़रवरी 2024 को चक्का जाम किया जायेगा।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए 23 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन

**धमतरी 19 फरवरी।** भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर थल सेना के लिए ऑन लाईन आवेदन 23 मार्च तक आमंत्रित किए गये है। यही भर्ती अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, टेक्निकल क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेडसमेन (10वीं पास), ट्रेडसमेन (8वीं पास), अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला) मदों पर की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आंठवीं से बारहवीं तक हैं। आयु 30 अक्टूबर 2024 को 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष तक होनी चाहिए।

# प्रदेश की नई औद्योगिक नीति कृषि व वनों पर होगी आधारित: देवांगन

**रायपुर, 19 फरवरी।** इंडियन चैंम्बर ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स द्वारा वार्षिक ग्लोबल समिट का आयोजन गत दिवस शनिवार को नई दिल्ली के जनपद रोड स्थित डॉ अंबेडकर ऑडिटोरियम में किया गया। वार्षिक ग्लोबल समिट ग्रामीण इकोनामिक फोरम और भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन प्रतिनिधि मंडल के साथ उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के किसानों को यदि हम आत्मनिर्भर बनाएंगे तो निश्चित रूप से हमको कृषि पर आधारित उद्योगों पर फोकस करना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य एक कृषि आधारित प्रदेश है इसीलिए इसे धान का कटोरा कहते है। छत्तीसगढ़ राज्य 44त्न वनों से पूर्ण है और निश्चित रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को



विकसित करने के लिए कृषि एवं वन की प्रमुखता से भागीदारी रहेगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के नई औद्योगिक नीति में निश्चित रूप से कृषि उद्यानिकी एवं वनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीति रखी जाएगी, जिससे प्रदेश के किसानों को और आदिवासी अंचल में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। इससे प्रदेश के कृषि उत्पादन का मूल्य संवर्धन मे वृद्धि हो सकेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नारायण राणे मंत्री सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारत सरकार भी शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आने वाला समय डेवलपमेंट का समय है और इसे ध्यान में रखकर नीति बनानी होगी। इंडियन चैम्बर ऑफ बिजनेस एंड कॉमर्स की यह पहल निश्चित रूप से अहम रोल अदा करेगी। इस अवसर पर मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के साथ अन्य प्रतिनिधि कोरबा नगर निगम के पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, के अलावा श्री प्रफुल्ल तिवारी, श्री नरेंद्र पाटनवार, महाप्रबंधक सीएसआईडीसी श्री ओ.पी बंजारे भी उपस्थित रहे।

# दो स्कूलों के छात्रा-छात्राओं ने पाटेश्वरधाम ,खरखरा जलाशय का शैक्षिक भ्रमण किया

**अम्बागढ चौकी 19 फरवरी।** प्राथमिक शाला सिरलगढ़ एवं आश्रम शाला बुटाकसा संकुल बुटाकसा विकास खंड जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के छात्रा-छात्राएं पाटेश्वरधाम , खरखरा जलाशय का शैक्षिक भ्रमण किए।शैक्षिक भ्रमण का शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष महत्व है। नीलकंठ कोमरे ने बताए की शैक्षिक भ्रमण से हम प्रकृति की सुन्दरता से रू-ब-रू होते हैं। मानव की सुन्दर कलाकृतियों से परिचित होते हैं, साथ ही साथ कुदरत की कुछ रहस्यों से भी परिचित होते हैं जिसमें हमारे ज्ञान में वृद्धि होती है । पाटेश्वरधाम बालोद जिला के डौंडीलोहारा ब्लॉक मुख्यालय से 21 किमी दूर पाटेश्वर धाम है। यहां प्रदेश का 108 फीट मंदिर का निर्माण 29 जनवरी 2005 से चल रहा है। मंदिर में राजस्थान के बंशी पहाड़पुर के लाल रंग के पत्थर का उपयोग हो रहा है। संत रामबालक दास महात्यागी ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य में 25 करोड़ खर्च आएगी। अब तक आठ करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया जा चुका है। प्रथम तल का निर्माण पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण का काम चल रहा है। मंदिर में पंचमुखी हनुमान की मूर्ति है।मंदिर में 108 मूर्तियां लगाई जाएंगी, 44 लग चुकीं- मंदिर के



अंदर दिवारों में अष्टवस्तु, पंचकन्या, यक्षगंधर्व, आपको 108 हिंदू देवी-देवताओं के मूर्तियां देखने को मिलेंगी।

अब तक प्रथम तल में 44 मूर्ति लगाई जा चुकी है। जिसमें सर्व समाज के अलावा देश के हिंदू धर्म गुरुओं की मूर्तियां। मंदिर में उद्धुत तो यह होगा कि प्रवेश द्वार में 51 किलो की घंटी और अंदर अफसरा हवा में लटकी हुई मिलेगी। यह किसी के सहारे पर नहीं टिकी होगी।यह नजारा डौंडीलोहारा ब्लॉक के प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जामड़ी पाटेश्वर धाम का है, जहां नए साल के पहले दिन 416 सीढ़ी चढ़कर मूर्तियों का दीदार करने लोग सुबह से शाम तक पहुंचते रहे। कई लोग परिवार के सदस्यों व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे। यहां भगवान श्री राम, माता जानकी, शंकर सहित मूर्तियां आकर्षण का केंद्र है।खरखरा जलाशय बालोद जिले में खरखरा नदी पर स्थित पुर्णतः मिट्टी से निर्मित जलाशय है। इसकी लाम्बई लगभग 1128 मीटर है। यह एक सायफन परियोजना है, इसका निर्माण 1967 में किया गया था। वर्ष 1964-66 अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल मे बने डौंडीलोहारा विकासखण्ड के खरखरा बांध जिसका जलग्रह क्षेत्र 371.66 वर्ग किलोमीटर लम्बाई 1440 मीटर 105 ग्रामो को जल से लाभान्वित करने वाली व 6 नहरों को जल प्रदाय करने वाली इस बड़े जल परियोजना से भिलाई स्टील प्लांट को पानी सप्लाई होता है। साथ ही साथ भिलाई व दुर्ग नगर निगम के बड़े क्षेत्रो में भी पेयजल हेतु इसका उपयोग किया जा रहा है। वही कई तालाबो में निस्तार हेतु पानी भी दिया जा रहा है।शैक्षिक भ्रमण में नीलकंठ कोमरे, योगेंद्र कुमार देवांगन, प्रवीण, समर, कनिका, डेविड, प्रदीप, अभिषेक, काव्या, निधि, वासनिक, प्रांजल,शाला के समस्त बच्चे के खूब मजा किए एवं आनंद के अनुभूतियां प्राप्त किए।

### राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम सुप्रजा की जिले में हुई शुरुआत

**धमतरी 19 फरवरी।** संचालनालय (आयुष)एवं कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में गर्भवती माताओं के उत्तम स्वास्थ्य एवं गर्भस्थ शिशु के सर्वांगीण विकास हेतु नवीन सृजित राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम सुप्रजा का जिले में शुभारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ माता एवं निरोगी संतान है। सुप्रजा कार्यक्रम जिले के आयुष विंग, जिला चिकित्सालय धमतरी, स्पेश्लाईज्ड थेरेपी सेंटर कुरूद, स्पेश्लाईज्ड थेरेपी सेंटर मगरलोड, शासकीय आयुर्वेद औषधालय दर्श, गट्टासिल्ली, खरतुली एवं छाती में संचालित है। इस संदर्भ में गर्भवती माताओं का चयन उपरोक्त संस्थानों द्वारा किया जा चुका है। सुप्रजा कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्वेद आधारित औषधियों के बाह्य एवं अभ्यांतर प्रयोग, योग तथा मेडिटेशन के माध्यम से गर्भिणी माताओं के संपूर्ण आहार-विहार तथा क्रियाकलापों का विशेष ध्यान रखा जायेगा ताकि गर्भवती माता को किसी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक समस्या का आभास न हो। कलेक्टर सुश्री गांधी ने जिलेवासियों से इस योजना से लाभान्वित होने अपील की है।

# भक्ति से मिलते हैं भगवान:भोलाराम साहू

■ महरूम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे पहुंचे विधायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया 19 फरवरी।** ग्राम महरूम मे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक कमाता प्रसाद तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया। कथा श्रवण उपरांत उन्होंने कहा कि श्रद्धा और भक्ति से भगवान की प्राप्ति होती है, यह ध्रुव और प्रहलाद ने सिद्ध किया है। भगवान श्री हरि




विष्णु के अन्नय भक्तों में से ध्रुव और प्रहलाद रहे जिन्होंने भक्ति के मार्ग पर चलकर भगवान को पाया। श्री साहू ने आगे बताया कि भक्ति में वह शक्ति है जो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। जीवन में से कुछ अनमोल पल निकालकर प्रभु की भक्ती हमें करनी चाहिए। विधायक भोलाराम साहू ने कहा की सनातन धर्म की जब भी बात हो चाहे ,भागवत गीता ,रामायण कथा शिव महापुराण गांव गांव में हो रहा है उसमे प्रत्येक आदमी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए इससे हमारे छोटे छोटे बच्चे आगे पीढी को प्रेरणा मिलता है।उन्होंने आगे कहा कि भागवत गीता सुनने से आदमी को पुण्य की प्राप्ति होती है।श्री साहू ने कहा कि अपनी धर्म के प्रति अटल रहना चाहिए।

## ग्राम तुमड़ीबोड में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

# कलेक्टर ने समस्याओं की जानकारी लेकर निराकरण के दिए निर्देश भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** जनसामान्य के राजस्व सहित अन्य कार्यों के निराकरण के लिए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल शिविर में पहुंचकर वहां उपस्थित लोगों से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारी को उसके निराकरण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित सभी पटवारी को निर्देश दिए कि ग्राम में फौती के सभी प्रकरण नामांतरण पंजी में दर्ज होना चाहिए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए निर्देश दिए कि यदि अधिक लोगों का आवास आवेदन आबादी भूमि नहीं होने के कारण स्वीकृत नहीं हो पा रहा हो तो



नियमानुसार आबादी घोषित करने प्रस्ताव ग्राम पंचायत प्रेषित कर पटवारी प्रतिवेदन दे। उन्होंने महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी ली तथा यह निर्देश दिए कि वृद्धजन पेंशन के तहत पेंशन पाने वाली महिला तथा दिव्यांग महिला का फार्म अविलंब जमा करें तथा डोर टू डोर जाकर इनका फार्म जमा कर ऑनलाईन एंट्री करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिविर में राजस्व विभाग के साथ ही कृषि विभाग, आरटीओ, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल लगाए गए थे।

शिविर में अविवादित नामांतरण, फौती, किसान किताब, खाता विभाजन तथा त्रुटि सुधार, आवास योजना के आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह शिविर में ही आरटीओ विभाग के स्टाल में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए जिसका शिविर में त्वरित निराकरण किया गया। महतारी वंदन योजना का फार्म जमा करने हेतु भी शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा पंचायत विभाग की टीम उपस्थित थी। शिविर में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह, एसडीएम डोंगरगांव श्री असवन पुसाम, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह, जिला राजनांदगांव के सभी तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा कोटवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### छुरिया नगर पंचायत में बना कृष्ण कुंज है आकर्षण का केन्द: हारुन मानिकपुरी

**छूरिया 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि नगर पंचायत छुरिया में शासकीय रानी सूर्यमुखीदेवी महाविद्यालय के समीप स्थित वनविभाग द्वारा संचालित कृष्ण कुंज नगर वासियों एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। राजनांदगांव वन मंडल,वन परिक्षेत्र बागनदी, अंतर्गत छुरिया के पहाड़ी में विराजमान मां दंतेश्वरी मंदिर है। वहीं पहाड़ी के सबसे ऊपर बजरंगबली हनुमान विराजमान हैं। जो नीचे तल से लगभग तीन सौ फीट ऊंची चोटी पर स्थित है। नैसर्गिक वातावरण वाला क्षेत्र जहां के ऊंचे ऊंचे पेड़ों से हरियाली की चादर ओढ़े श्रृंगारित पेंड़ पौधे जो आदिकाल से वर्षो के अपनी ऐतिहासिक वैभवशाली गाथा की साक्षी है। नैसर्गिक प्रकृति छंटा का ऐसा मनोहारी दृश्य बिखेरता है। जो किसी का भी मन मस्तिष्क को आकर्षित कर देता है। ग्रीष्मकाल में सूर्य देव की तीक्ष्ण तपिश के बावजूद उष्ण कटिबन्ध क्षेत्र में प्रकृति का प्रभाव संपूर्ण क्षेत्र में न के बराबर रहता है। धूल-धूआं एवं प्रदूषण रहित क्षेत्र में बारह मासी नमी से संपूर्ण वातावरण में शीतलता और वाष्पीकरण की धूंधलका से दुरस्त क्षेत्रों के पहाड़ों की अलग ही आभा बिखेरती है। संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि ÷कृष्ण कुंज ÷वन परिसर छुरिया में डोंगरगांव रोड़ पर स्थित पुलिस थाना, इंद्रप्रस्थ स्टेडियम, विद्युत विभाग के आफिस, महाविद्यालय, एवं छात्रावास के पास लगभग दो एकड़ भूभाग में ÷कृष्ण कुंज÷का निर्माण किया गया है। ÷कृष्ण कुंज ÷ निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह है कि राजस्व भूमि में अतिक्रमण से सुरक्षा के साथ धार्मिक आस्था का संचार होगा। और क्षेत्र में निवासरत आम जनों के मध्य हरियाली प्रसार कर शुद्ध , स्वच्छ वातावरण निर्मित करना है। यहां स्वच्छ वातावरण में सहपरिवार भ्रमण कर प्रकृति को आत्मसात कर पर्यावरण को संरक्षित, संवर्धन करना है। ताकि भावी पीढ़ी इसके महत्व को समझें उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे रोपण करना मुख्य उद्देश्य मात्र नहीं है बल्कि उसकी सुरक्षा करना सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए चारों ओर फेंसिंग किया गया है ताकि गाय भैंस और बकरी से सुरक्षित रखा जा सके। रोपित पौधों में मुख्यतः नीम,कदम, आंवला,बेल, पीपल,बरगद,आम, शहतूत, के पौधे रोपे गए हैं जिससे धार्मिक आस्था बनी हुई है। इसके निर्माण में वन मंडल अधिकारी श्रीमती सलमा फारुकी, उपवन मंडल अधिकारी श्री योगेश कुमार साहू, तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री करीमउल्ला खान , सहायक परिक्षेत्र अधिकारी श्री कृष्ण कुमार सोनी , वनरक्षक श्री लोकेश कुमार सलामे, एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने पुरी मेहनत की है। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत की सीएमओ श्री गुप्ता जी के द्वारा भी उपकरण दिए गए हैं।



### संतों के बताएं उपदेश अमृत के समान हैं: कुलबीर

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** कबीर पंथी साहू समाज व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संत सम्राट सदगुरू कबीर साहेब की असीम कृपा से ग्राम खुटेरी में तीन दिवसीय सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। सात्विक चैकी आरती महंत श्री मनहरण साहेब जी के सानिध्य में हुआ। रविवार को संत समागम प्रवचन सुनने व संत साहेब जी से आर्शीवाद लेने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा पहुंचे। संत समागम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संतों के समागम व उनके दिव्य प्रवचनों का सुनने का मौका मिला जिसके लिए संत साहेब जी को शत-शत प्रणाम करता हूं। श्री छाबड़ा ने सदगुरू कबीरदास जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कबीरदास जी अपना पूरा जीवन समाज की बुराइयों को दूर करने में लगा दिया।



### विद्यासागर जी को श्रद्धांजलि दी गई

**रायपुर 19 फरवरी।** जैन समाज के सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा ने आचार्य विद्यासागर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन त्याग, तप एवं संयम की आकार प्रतिमा थी। बरलोटा ने चार लोगस्स का यान करते हुए कहा कि उनकी करनी और कथनी में एकरूपता थी।

### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की तिथि में वृद्धि

**धमतरी 19 फरवर।** धमतरी जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर अध्ययनरत शासकीय एवं अशासकीय आईटीआईए महाविद्यालयएविश्वविद्यालयए इंजीनियरिंग कॉलेजए मेडिकल कॉलेजए नर्सिंग कॉलेजए एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुखए छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजातिए अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण हेतु ूण्चवेजउंजतपबण्ेबीवसंतेपचण्बहण्दपबण्पद पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रवृति हेतु विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन 19 फरवरी से 14 मार्च 2024 तथा 15 मार्च से 26 मार्च 2024 नवीन/नवीनीकरण, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 19 फरवरी से 28 मार्च 2024 एवं सेक्शन ऑडर लॉक करने 19 फरवरी से 30 मार्च 2024 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 202-.24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल अथवा सैंक्शन ऑडर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैए तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति का पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

संपादकीय

## बड़े नेता का लक्ष्य हमेशा बड़ा होता है

राजनीति में नेता तो हजारों होते हैं लेकिन बड़ा नेता तो वही बनता है जिसका लक्ष्य बड़ा होता है। बड़ा नेता बनता भी वही है जो अपना लक्ष्य बड़ा रखता है। बड़ा लक्ष्य हासिल करना कठिन होता है लेकिन जो सोचते हैं कि इसे हासिल किया जा सकता है, वही कड़ी मेहतन करके हासिल कर सकते हैं। बड़ा लक्ष्य यानी बडी मेहनत और बड़ा परिणाम होता है। यह हर किसी के बस की बात नहीं होती है। कई लोग लक्ष्य को बड़ा रखते हैं लेकिन कड़ी मेहनत नहीं करते हैं। ऐसे लोगों के लिए बड़ा लक्ष्य एक दिखावा होता है। कई लोग बडा लक्ष्य इसलिए रखते हैं कि उसे हासिल करना है। दिखावा नहीं करना है। ऐसे लोग जब बड़ा लक्ष्य के लिए मेहनत करते हैं तो बड़ा लक्ष्य हासिल होता है और न भी हासिल हो तो वह लक्ष्य हासिल हो ही जाता है कि ऐसा लगे कि मेहनत सफल हुई। पीएम मोदी ऐसे नेता है जो अपने लिए,अपने नेताओं के लिए, पार्टी के लिए हमेशा बढ़ा लक्ष्य रखते हैं और खुद दिनरात मेहनत करते हैं और पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं को भी दिन रात मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हैं,उन्हें यह बताते हैं कि इस बड़े लक्ष्य हम सब मिलकर किस तरह पा सकते हैं।वह यह नहीं कहते हैं कि यह बड़ा लक्ष्य है तो इसे मैं अकेला हासिल कर सकता हूं, वह लक्ष्य पार्टी के लिए तय करते हैं और पार्टी को बताते हैं कि इसे कैसे हासिल किया जा सकता है। मोदी व दूसरे नेताओं में यही फर्क है कि दूसरे नेता न तो बड़ा लक्ष्य तय करते है और न उनके पास यहआइडिया होता है कि उसे कैसे हासिल किया जा सकता है। कुछ समय पहले जब पीएम मोदी ने फिर एक बार मोदी सरकार चार सौ पार का नारा दिया तो राजनीतिक विश्लेषक यह सोच कर परेशान होते रहे कि इसे पीएम मोदी कैसे प्राप्त कर सकते हैं। सब यह मानकर चल रहे हैं कि पीएम मोदी जहां पिछली बार नहीं जीते वहीं जीत ही नहीं ही सकते। जबकि पीएमम मोदी ने तो यह तय कर रखा है कि पिछली बार जिन सीटों पर हारे थे, उन सीटों को जीतना है, कैसे जीतना है भाजपा के महाधिवेशन में पीएम ने नेताओं का, कार्यकर्ताओं को बता दिया है। नेताओं व कार्यकर्ताओं को एक बूथ पर 370 वोट पिछली बार से ज्याद जुटाना है। पीएम मोदी जानते हैं कि यह कोई बड़ा काम नहीं है। लेकिन हर कार्यकर्ता यह छोटा सा काम कर ले तो पार्टी एक बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकती है। ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल कर सकती है। ऐसा भी नहीं है कि पीएम मोदी ने अचानक बड़ा लक्ष्य पार्टी के लिए तय कर दिया और उसके पास समय नहीं है। पीएम मोदी ने नेता व कार्यकर्ता को सौ दिन का समय दिया है, इस दौरान हर बूथ के लिए 370 वोट ज्यादा जुटाने हैं। यानी एक कार्यकर्ता रोज चार वोट जुटाता है तो सौ दिन में 370 से ज्यादा 400 वोट जुटा सकता है। पीएम मोदी इस मामले में सबसे अलग नेता हैं कि वह चुनाव जीतने की बात महीनों पहले करते हैं, उसके लिए योजना भी महीनों पहेल बना लेते हैं।महीनों पहले नेताओं व कार्यकर्ताओं को बता भी देते हैं कि क्या करना है और कैसे करना है। सबको महीनों का वक्त भी काम करने के लिए देते हैं। सब लोग इस बात को लेकर हैरत में थे कि भाजपा ने अपने लिए 370 सीटों का लक्ष्य क्यों रखा। किसी तो पता नहीं था कि यह 370 का आंकड़ा आया कहां से है और पीएम मोदी के लिए यह इतना अहम क्यों है। पीएम मोदी ने महाधिवेशन में बताया कि यह 370 सीट जीतना भाजपा ने नेता श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रध्दांजलि होगी। श्री मुखर्जी ने धारा-370 हटाने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि पीएम मोदी 370 सीट जीतकर पार्टी के महान नेता को श्रध्दांजिल देना चाहते हैं। यही पीएम मोदी की खासियत है कि वह अपने पार्टी ही नहीं देश के महान नेताओं का सम्मान करना जानते हैं और समय आने पर सम्मान करते भी हैं। वह इस मामले में यह नहीं देखते हैं कि वह नेता किस पार्टी का है। यदि उस नेता ने देश के लिए कुछ अच्छा किया हैतो वह सम्मान का पात्र है। पीएम मोदी खुद देश के लिए दिन रात काम करते हैं,इसलिए वह आसानी से ऐसे लोगों को पहचान लेते हैं जिन्होंने देश के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने अपने काम से ही अपनी और पार्टी का पहचान बनाई है, ऐसी पहचान बनाई है कि अब पार्टी का चुनाव चिन्ह ही जीत के लिए काफी है। प्रत्याशी अब भाजपा के लिए खास मायने नहीं रखता है,चुनाव चिन्ह मायने रख.

# इलेक्टोरल बॉन्ड : राष्ट्रवाद की आड़ में रिश्वत और भ्रष्टाचार ?

चिंतन

**तनवीर जाफ़्री**



नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 2017-18 में शुरू की गयी 'संदिग्ध व विवादास्पद' इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को देश के माननीय सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की खंडपीठ ने ग़ैर-क़ानूनी क़रार दे दिया है। इस योजना के तहत चंदा देने वाले की पहचान गुप्त रखी जा सकती थी। ये फ़ैसला ऐसे समय पर आया है जबकि आगामी अप्रैल- मई में ही देश में लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं। सरकार की इस योजना को अदालत में चुनौती देने वालों का कहना था कि इसमें काला धन को सफ़ेद किए जाने से लेकर, किसी काम को किए जाने के अघोषित समझौते के तहत बड़ी कंपनियों या व्यक्तियों से चंदा लिया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायलय ने यह भी कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया को राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड के ज़रिए मिली धनराशि की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देनी होगी। और चुनाव आयोग को स्टेट बैंक से प्राप्त यह जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित भी करनी होगी। इस जानकारी के सार्वजनिक होने पर अब यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि किसने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा और किस राजनैतिक दल को दिया। सरकार द्वारा 2017 में जब इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को एक वित्तीय विधेयक के भाग के रूप में लाया गया था,उस समय भी न केवल कई विपक्षी दलों ने बल्कि चुनाव आयोग ने भी उस प्रस्तावित विधेयक के प्रति जो चिंताएं व्यक्त की थीं,अदालत ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में उन सभी बिंदुओं को संबोधित किया है। अब जबकि सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के बाद यह 'खुफ़िया ' इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना समाप्त हो जाएगी और कॉरपोरेट्स द्वारा राजनीतिक दलों को जो पैसा दिया जाता था, जिसके बारे में आम लोगों को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बिल्कुल ही समाप्त हो जाएगा। और इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने ख़त्म की थी वो 2017 की पूर्व स्थिति में वापस आ जाएगी। दरअसल इस योजना में चंदा देने वालों का नाम छिपा सकने की इतनी अधिक संभावना थी कि राजनीतिक दलों और उन्हें दान देने वालों को इससे बहुत अर्थ लाभ हुआ। इससे पारदर्शिता तो क़तई नहीं बढ़ी परन्तु इसका एकदम विपरीत असर ज़रूर हुआ। इतना ही नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि चंदा देने वाले व्यक्ति या कंपनी का नाम न बताने का क़ानून सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। इस अदालती निर्णय के बाद कई उत्साहित विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफ़े तक की मांग करने लगे हैं।

सत्तधारी भारतीय जनता पार्टी को इस योजना से क्या लाभ पहुंचा है, इसे लेकर इलेक्टोरल बॉन्ड से सम्बंधित माननीय सर्वोच्च न्यायलय फ़ैसला आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर जो लिखा है वही इलेक्टोरल बॉन्ड के पीछे छुपी सरकार की मंशा को समझने के लिये काफ़ी है। राहुल गांधी ने लिखा है कि ''सस्ते में एयरपोर्ट बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो, सस्ते में माइन्स बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो, सस्ते में ज़मीन बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो।'', मैं देश नहीं बिकने दूंगा का नारा देने वाले नरेंद्र मोदी चुनावी चंदे के लिए देश का हर संसाधन बेचने को तैयार हैं। मगर किसान अपनी फ़सल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य भी न मांगे, क्योंकि किसान इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं देता है। अजीब विडंबना है।'' राहुल की इस टिप्पणी में बहुत कुछ छिपा हुआ है। वैसे भी अगले लगभग तीन सप्ताह में यह जानकारी सार्वजनिक करने के बाद यह और भी साफ़ हो जायेगा कि किसने कितनी क़ीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे और किस राजनैतिक दल को चंदे के रूप में दिये। तभी पता चलेगा कि क्या 'यह सब कुछ पाने के एवज़ में कुछ देना हुआ' और किस से कितना लिया और लेने वाले ने उनके (देने वाले के लिये ) लिए क्या उपकार किया। राहुल गांधी का इशारा सीधे तौर पर मोदी सरकार द्वारा अडानी ग्रुप को लाभ पहुँचाने व इसके बदले में सत्ताधारी भाजपा के लिये अकूत धनराशि हासिल करने की तरफ़है। दरअसल अडानी व मोदी की मित्रता तो 2012-13 से ही उस दौरान नज़र आने लगी थी जबकि नरेंद्र मोदी अडानी का निजी विमान लेकर पूरे देश में चुनाव प्रचार करते फिर रहे थे। अडानी का यह 'उपकार' उस समय और भी फली भूत होते दिखाई दिया जब 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी अपने साथ विदेश यात्राओं पर अडानी-अम्बानी जैसे उद्योगपतियों को अपने साथ ले जाने लगे और विदेशों में कई जगह उन्हें व्यावसायिक लाभ पहुँचाने लगे। उसके बाद देश में वही खेल शुरू हुआ जिसका इशारा राहुल गांधी ने किया। यानी रेल,तेल,गैस एयरपोर्ट,बंदरगाह,माइन्स,विद्युत,तमाम ज़मीनें आदि अनेक संसाधन अडानी व कुछ अन्य मित्र उद्योगपतियों के हवाले कर दिये गये । यहाँ तक कि दो वर्ष पूर्व लाया गया कृषि क़ानून भी कथित तौर पर ऐसे ही उद्योगपति मित्रों के हितों के मद्देनज़र लाया गया था। अनेक उद्योगपतियों का लाखों करोड़ का क़र्ज़ मुआफ़करना भी सरकार की पूंजीवादी नीति और पूंजीवादियों को संरक्षण देने का ही द्योतक है।

चुनावी और राजनीतिक सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था एसोसिएशन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ष्ठत्र) ने पिछले दिनों अपनी एक रिपोर्ट में जो आंकड़े पेश किए हैं उनके अनुसार भी 2022-23 में भारतीय जनता पार्टी को लगभग




720 करोड़ रुपये का इलेक्टोरल डोनेशन (चुनावी चंदा) मिला। यह आंकड़ा चार अन्य राष्ट्रीय दलों- कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-एम और नेशनल पीपुल्स पार्टी को प्राप्त कुल चुनावी चंदे से पांच गुना अधिक है। यह आंकड़े स्वयं यह बताते हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम का सबसे अधिक लाभ भारतीय जनता पार्टी को ही मिला है। यदि स्टेट बैंक आगामी कुछ ही दिनों में सर्वोच्च न्यायलय के निर्देशानुसार इलेक्टोरल बॉन्ड्स के सभी लेन देन संव्यवहार से पर्दा हटा देगा तो और भी दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि राहुल गांधी ने जिन सत्ता मित्र उद्योगपतियों की ओर इशारा किया है उसमें भी कितनी सच्चाई है। जो भी हो,चुनावी चंदे को लेकर लेन देन में बरती जाने वाली गोपनीयता अपने आप में इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफ़ी है कि इलेक्टोरल बॉन्ड की योजना संभवतः और कुछ नहीं बल्कि सत्ता द्वारा राष्ट्रवाद की आड़ में खेला जाने वाला रिश्वत और भ्रष्टाचार का एक बड़ा खेल था

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करने में सफल होंगे, पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। बड़े भाई-बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम से राहत मिलेगी। होटल या रेस्टोरेंट का बिजनेस कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। घर वालों के सहयोग से आप हर काम को अच्छे से संभाल लेंगे। आप घर में किसी कार्यक्रम की तैयार करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिए सलाह ले सकता है, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से आप ऊर्जावान बने रहेंगे, आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवनसाथी को पूरा समय देंगे।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है, उनके साथ आप कुछ अच्छी बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं, आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। बूटिक का काम कर रही महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी कस्टमर से आपके पारिवारिक रिश्ते जुड़ सकते हैं। छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज आप शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए। करियर को लेकर आज आप कुछ प्लान बना सकते हैं। नए कोर्स में एडमिशन के लिए आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। बच्चें पढ़ने में ज्यादा समय बिताएंगे। ऑफिस में आज अपने कार्यों को लेकर थोडा व्यस्त रह सकते है।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से संपर्क बढ़ाने की जरूरत है। आपको पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए, इससे आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आज आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। दांपत्य जीवन में प्यार बना रहेगा।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सफल जरूर होंगे। जो लोग शादी-शुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं, आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। फर्नीचर का काम करने वाले लोगों को फायदा होगा। आपको कोई बड़ा काम मिलेगा। पार्ट टाइम जॉब कर रहे छात्रों की नौकरी पक्की हो सकती है। आप किसी कंपनी में फुल टाइम नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं, जहां आपको अच्छा परिणाम मिलेगा। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज के दिन आपको काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस से जुड़ी हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिए जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही अच्छी सेहत के लिए आपको रूटीन एक्ससाइज करनी चाहिए। लवमेट्स आज कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करने से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी। केटरिंग का काम कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। रोजगार की तलाश कर रहें लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आज आपके परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। घर के सभी सदस्य एक दूसरे से मिल-जुल कर रहेंगे।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा, आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। परिवार में लोगों के बीच अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं। अगर आपकी संतान विवाह लायक है, तो उनके लिए कोई अच्छा रिश्ता आ सकता है। सेहत के लिहाज से आप फिट रहेंगे। ऑफिस में अपना काम अच्छे से पूरा करेंगे।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको ऑफिस में एक्सट्रा काम करना पड़ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। करीबी लोगों की राय मानना आपके लिए फायदेमंद होगा। आज आपको कमर संबंधी की समस्या से राहत मिलेगी। दांपत्य जीवन में सौहार्द बना रहेगा। विद्यार्थिओं के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। आज आप पर काम का बोझ थोड़ा ज्यादा रहेगा। फिलहाल नए काम शुरू करने से आपको बचना चाहिए।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं, आपके दिन में ताजगी बनी रहेगी। आप कुछ अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं, इससे समाज में आपका नाम होगा। आज में किसी नए काम के लिए आपको अपॉइन्ट किया जा सकता है। माता आपसे किसी काम को लेकर सलाह ले सकती हैं, आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी। बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए बढ़िया है। आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कंपनी में नौकरी मिलने के योग हैं। आप लवमेट के साथ मूवी देखने का प्लान करेंगे।

# हैवानियत,दरिंदगी,बर्बरता की मिसाल है संदेशखाली कांड!

गंभीर मुद्दा

**मनोज कुमार अग्रवाल**



समूचे देश में इन दिनों संदेशखाली की महिलाओं पर एक शातिर कदाचरी राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधी माफिया की गुंडागर्दी और जुल्म की गूंज है लेकिन पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार आरोपी शाहजहां शेख के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना तो दूर अपनी राजनीतिक दबंगई को बदस्तूर बनाए रखने के लिए अपराधियों को कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण दे रही है। संदेशखाली का पूरा मामला ईडी की कार्रवाई के बाद लोगों के सामने आया है। बता दें कि 5 जनवरी, 2024 को ईडी के अधिकारियों ने राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के सरबेड़िया में तृणमूल नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने पहुंचे हुए थे। नेता शेख शाहजहां फरार हो गया था। इस दौरान अधिकारियों पर भी हमले किए गए थे।इस के बाद शेख के जुल्मों-सितम की शिकार महिलाएं हिम्मत जुटा कर सामने आयी है और पश्चिमी बंगाल में चल रही अठारहवीं सदी की मुगलकालीन महिला शोषण की बर्बरता जग जाहिर हो रही है। ईडी की छापेमारी के बाद से ही स्थानीय लोगों ने अपनी आवाज तेज कर दी और खुल कर सामने आ गए। गांव के लोग शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं और अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हो रही है।संदेशखाली की महिलाओं ने वहां के टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगाया। महिलाएं विरोध में प्रदर्शन करने और धरने देने लगीं। आक्रोशित महिलाओं ने शाहजहां के करीबी विश्वासपात्र और टीएमसी नेता शिबू हाजरा के खेत और पॉल्ट्री फॉर्म में आग भी लगा दी।आरोप है कि पॉल्ट्री फॉर्म गांव के लोगों की जमीन छीनकर उसपर अवैध तरीके से बनाया गया। ये कई तरह के अवैध कार्यों का सेंटर था।

राशन भ्रष्टाचार मामले को लेकर जांच करने पहुंचे ईडी और केंद्रीय बलों पर 5 जनवरी को हुए हमलों के 33 दिनों के बाद 7 फरवरी को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में फिर से हंगामा होने लगा। इस बार गांव वालों का विरोध प्रदर्शन तृणमूल समर्थकों के खिलाफ था। इस दौरान गांववालों और तृणमूल समर्थक के एक गुट के बीच मारपीट की घटना भी सामने आई थी। जानकारी के मुताबिक, केंद्र द्वारा बंगाल को बकाया फंड से वंचित करने का आरोप लगाकर तृणमूल ने संदेशखाली के त्रिमोहानी बाजार में जनजाति समुदाय के एक वर्ग के साथ एक रैली निकाली थी। इसमें शेख शाहजहां के जयकारे लगाने के बाद ही हंगामा शुरू हुआ था।

संदेशखाली में शुरू हुए बवाल ने धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाएं लाठी-डंडों और बांस के साथ सड़कों पर उतर आईं। महिलाओं की मांग थी कि तृणमूल के स्थानीय नेता शेख शाहजहां, ब्लॉक अध्यक्ष शिवप्रसाद हाजरा और उनके साथी उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया जाए।संदेशखाली की महिलाओं में भयंकर आक्रोश देखने को मिल रहा है। महिलाएं शाहजहां की गिरफ्तारी की मांग करते हुए फिर से



सड़कों पर उतर आईं। आरोप है कि शाहजहां ने पार्टी के नाम पर गांव वालों पर लम्बे समय तक जो अत्याचार किया है। ऐसे में महिलाओं की मांग है कि उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

घटना के दो दिन बाद 9 फरवरी की रात से संदेशखाली में धारा 144 लागू कर दी गई थी। इसके बाद से कई दिनों तक संदेशखाली ब्लॉक-2 के 8 ग्राम पंचायत इलाकों में दुकान-बाजार बंद रहे। इंटरनेट सेवाएं भी ठप कर दी गई। संदेशखाली थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए। इलाकों में पुलिस लगातार गश्ती लगा रही है। संदेशखाली जाने वाले सभी मार्गों (जल व सड़क) पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। हालांकि हाईकोर्ट ने संदेशखाली में धारा 144 को खारिज करने का आदेश दिया है। स्थिति अब भी तनावपूर्ण है। लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शन के बाद पार्टी ने शनिवार की सुबह आरोपी उत्तम सरदार को उत्तर 24 परगना जिला परिषद सदस्य और तृणमूल के अंचल अध्यक्ष के पद से 6 साल के लिए सस्पैंड कर दिया। यह घोषणा किए जाने के बाद स्वयं राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संदेशखाली में अशांत क्षेत्रों का दौरा किया और तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शेख शाहजहां और उसके साथियों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला प्रदर्शनकारियों से बात की थी। इस दौरान राज्यपाल ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी कलाई पर राखी बांधने वाली महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए पूरी मदद की जाएगी। राज्यपाल ने स्थानीय महिलाओं से कहा कि चिंता मत कीजिए, आपको न्याय जरूर मिलेगा। महिलाओं को कहते सुना गया कि वह अपने लिए शांति और सुरक्षा चाहती हैं। वह और प्रताड़ना नहीं झेल सकतीं हैं। राज्यपाल ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने जो देखा वह भयावह, स्तब्ध करने वाला और मेरी अंतरात्मा को हिला देने वाला था।

संदेशखाली मामले को लेकर भाजपा और टीएमसी के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में हिंसा और यौन उत्पीड़न की कथित घटनाओं के बारे में पता लगाने को लेकर एक पैनल का गठन किया है। इसमें केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के छह सदस्यों को शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को उच्च स्तरीय समिति के संयोजक के रूप में नामित किया गया है। पैनल के अन्य सदस्यों में प्रतिमा भौमिक, भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल, कविता पाटीदार, संगीता यादव और बृजलाल शामिल हैं। उन्हें घटना स्थल का दौरा करने, स्थिति का जायजा लेने, पीड़ितों से बात करने और अपनी रिपोर्ट भाजपा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपने का निर्देश दिया गया है। अधिसूचना में नड्डा ने कहा कि कथित घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं। संदेशखाली हुई हिंसा को लेकर, हंगामा लगातार जारी है। संदेशखाली हिंसा के विरोध में वहां जा रहे भाजपा की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी चोटिल हो गए थे। वह पुलिस के साथ हुई झड़प में चोटिल हो गए। संदेशखाली मामले को लेकर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई थी। आरोप है कि मामले को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। सुकांत मजूमदार को बशीरहाट मल्टी-फैसिलिटी हास्पिटल ले जाया गया था। सवाल उठता है कि संदेशखाली की घटनाओं को लेकर निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई जा रही है एक शातिर दबंग अपराधी को बचाने के लिए राज्य सरकार और सत्ताधारी नेता उसके बचाव में क्यों दलील पेश कर रहे हैं क्या राजनीतिक कदाचार इतना अधिक बढ़ गया है कि महिलाओं के साथ हो रहे बर्बर यौन दुर्व्यवहार जो मुगल काल की याद दिला रहे हैं उस पर भी ममता दीदी की आत्मा नहीं झकझोर रही है? इस समस्त कांड की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा दोषियों को बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए।

व्यंग्य

**परमानंद वर्मा**

# सुनो भाई उधो सपना सरकस के

सोचो कभी ऐसा हो तो क्या हो, जब सर्कस के पिंजरे से शेर निकल कर भाग जाए तब क्या हालत होती होगी दर्शकों की, शहर वालों की? ऐसा ही हो रहा है आज। देहली सर्कस एण्ड कंपनी का एक खूंखार चीता रिंग मास्टर के हंटर से चमक कर सुरक्षा घेरे से बाहर आ गया है। फिर क्या था अपने आक्रामक तेवर का प्रदर्शन करते हुए बड़े-बड़ों को ऐसे लहूलुहान कर रहा है जिसकी किसी को कल्पना नहीं थी। उस चीते को सभी प्यार से %ईडी' कहकर पुकारते हैं। इसी संदर्भ में प्रस्तुत है यह छत्तीसगढ़ी आलेख-

- अरे भागव रे, भागव, जी परान बचाना हे तब ए तीर ले भाागव।

- काबर भागबो जी ए तीर ले, का होगे हे तेमा भागबो?

- नइ भागव तब जाव मरव रे सारे हो, तुंहर मन के रई आगे हे तेला कोनो नइ बचा सकय?

- अरे का बात होगे हे तेला बताबे ते बस कुकुर मांस खाय बरोबर बड़बड़ावत रहिबे?

-नइ मानव न मोर बात ल, सारी दुनिया जानगे हे, देशभर के अउ गांव भर के मनखे जानगे हे फेर तुंहर असन मूर्ख मनखे मैं कहूं नइ देखे हौं, अतेक अंधरा, अतेक अड़ानी होके नइ रहना चाही?

- अरे परलोखिहा सारे नइ तो हो जइसे रावन, कंस, दुरजोधन, दुशासन अऊ बड़े-बड़े राक्षस मन के नांव ल सुन के रिसि-मुनि, गियानी अउ आम आदमी कांपय तइसने कस अभू होवत हे।

ये मेहतरु जकहा-बकहा के मुंह ले अइसन बात सुन के दइहान मं सकलाय राहय तउन मन कहिथे, तुंहर मन के समझ मं आथे गा, एकर बात हा?

परसादी कहिथे- कोन जनी बुजा हा का कहिथे, का बकथे ते कुछु समझ नइ परय?

समारु, चिंता, रामनाथ, गोविंद, ईश्वर अउ कन्हैया घला परसादी के बात के समरथन करत कहिथे- कोन जनी ओहर का देख परे हे, सुन डरे हे ते झझके असन बड़बड़ावत हे।

उही तीर सरपंच जगमोहन रिहिसे तउन कहिथे- राहौ तो गा राहौ,एकदम से हड़बावौा झन। उहू लइका, हा कुछु देखे, सुने, पढ़े होही, कोनो मेर तभे अइसन झझखे हे, डरे हे, तभे तो काहत हे भागव... भागव...। ओला तीर के बला लौ अउ पूछव का बात हे बेटा, काबर, का जिनिस हे तेला देखके तैं झझक गे स?

सरपंच जगमोहन ओ लइका ल तीर मं बलइस, ओकर बर पानी मंगइस। एक गिलास पानी ल गटागट ओहर पीगे।

सरपंच पूछथे- हां, बता बेटा, का बात हे, काबर सब झन ल भागव... भागव... भागव... काहत हस?

ये बेटा के नांव हे मेहतरु, बने हट्टा-कट्टा, नौजवान हे कोनो जोजवा-भोकवा नइहे। ओहर सरपंच ल बताथे- का बतावौं मालिक, रात के एक ठन भयंकर सपना देख परे हौं।

- का सपना रे, सरपंच हा पूछथे। अब ओ तीर सुनइया मन के मजमा लग जथे अउ सब कान देके ओकर बात ल सुने ले धर लिन जइसे कोनो रहस्य-रोमांच के बात सुनावत हे?

- हां, त बता बेटा मेहतरु का अइसे भयंकर सपना देख डरे के अतेक हड़बड़ागे हस?

- हड़बड़ाय के लइक सपना रिहिस हे, तैं नइ पतियाबे, गउकिन काहत हौं गा, ओ भयंकर सपना ल देखत-देखत डर के मारे मूत (पेशाब) घला कर डरेंव।

सुनत राहय तउन चंगू-मंगू मन जोर से खिलखिला के हांस भरथे, कठल जथे। कोनो-कोनो कहिथे- ये सारे मेहतरु हा लबारी मारत हे, चुतिया बनावत हे, नइ देखे हे अइसन कोनो सपना, एकर बात मं कोनो झन आहौ। लफंगा हे, झूठ-मूठ के बात बनावत, बेंझावत हे।

सरपंच कहिथे- राहौ तो गा, थोकन चुप तो राहौ। का काहत हे एहर तउन ल सुन तो लौ?

-हां त बता बेटा मेहतरु, का देखे भयंकर सपना मं?

-मेहतरु- अरे बाप रे, का बतावौं मालिक, दिल्ली मं सरकस होवत हे तिहां के रिंग मास्टर के हंटर खाके चीता अतेक बौखला गे, सब पंडाल मन ल टोरटार के ऐती-ओती जिहां पावत हे जात हे राड़ छड़ावत हे। सब जी परान दे के एती-ओती भागत हे।

रामनाथ पूछथे- तोर ये सपना सही हे के अइसन डेर्रावत हस?

मेहतरु बताथे- मोला का लेना-देना हे भइया ककरो से। बिहनिया मोर नींद खुलिस तब देखथौं, ओ चीता नोहय, ओ ईडी हे। आईटी, सीबीआई पुलिस घला हे ओकर संग मं। जेन मोटहा आसामी हे, जनता के धन ल लूट-लूट के खाय हे, भोभस मं भरे हे तेकर इहां घुसर-घुसर के छापा मारत हे। कोनो नेता, कोनो मंतरी, कोनो उद्योगपति, व्यापारी, कलाकार एक ला नइ छोड़त हे।

मैंहर देखे हौं- गिंधोल कस मोटाय ओ बेईमान, गरकट्टा, दोगला, पाखंडी मन ल अइसन ठठावत हे, धुर्रा छड़ावत हे के ओकर मन के हौसडा बंद होगे हे। सब ल जेल मं धांधत हे। एक नइ सुनत हे ककरो। एक झन नइ बता सकत हे के अतेक रुपिया, सोना-चांदी, जमीन-जायदाद, महल-अटारी, घोड़ा-गाड़ी कहां ले अउ कइसे अतेक जल्दी बटोर डरे हे?

ओहर बताथे- मैं सपना मं देखेंव, रिंग मास्टर जब ओला निरदेस देवत रिहिसे तब कनमटक नइ देवत रिहिसे फेर जब एक हंटर परिस ना तब हां जी मेरे आका काहत पंडाल (ऑफिस) ले बाहिर निकलिन अउ फाइल खोल-खोल के देखिन तब बड़े-बड़े भुंडा के नांव दिखिस। बिहानभर तड़ातड़ छापा कार्रवाई शुरू होगे।

सरपंच ल बतावत कहिथे साल भर ले ऊपर होगे हे मालिक, तुमन कइसे नइ जानन, सुने हन कहिथौ- बड़े-बड़े सरकार कांपत हे, सरकस के चीता के नांव ल सुन के। सांड बरोबर खुल्ला ढिलाय हे जिहे पावत हे तिहे ल थुथरत हे दोरदिर ले ओइलाय हे। अतेक अखबार, टीवी चैनल मं फोटो सहित ओ सबो जिनिस ल देखावत हे जउन पकड़ावत जात हे।

सरपचं कहिथे- वाह बेटा मेहतरु, तब ये आय तोर सपना सरकस के। इही ला देख के तैं डर्रागेस रे?

- डर्राय के लइक बात हे मालिक।

दूसर दिन ओकर गांव मं विधायक अउ मंतरी रहिथे तेकर घर ईडी के छापा परगे। पांच किलो सोना, कीमती जेवर, फर्जी लेनदेन, जमीन जायदाद के जांच शुरू होगे। एक झन नेता के घर मं करोड़ों के नगदी मिलिस।

सब केहे ले धरलिन, मेहतरु किहिस तउन बात सहिच निकलगे। इही पाके ओहर चेतावत रिहिसे- भागव... भागव... भागव... फेर ओकर बात ऊपर कोनो धियान नइ देवत रिहिन हे। बइहा, पगला काहत रिहिन हे। वाजिब मं सपना घला कभू-कभू सच हो जथे भइया...।

## एक नजर

### आबकारी वृत्त सरायपाली ने बड़ी मात्रा में महुआ शराब जब्त की

**महासमुंद 19 फरवरी।** अवैध रूप से आसवित महुआ शराब के उपभोग से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा के मद्देनज़र आबकारी वृत्त सरायपाली के द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम सरायपाली के द्वारा ग्राम अमलीपदर थाना-बलौदा के रिंकू कुम्हार उम्र 34 वर्ष के कब्जे से अवैध कच्ची हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल मात्रा 150 लीटर जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर माननीय न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखि़ल किया गया है। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सरायपाली प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में की गई। जिसमें आबकारी आरक्षक खिनीराम खूँटे, नगर सैनिक प्रदीप प्रधान, बालकृष्णा प्रधान एवं आबकारी स्टाफ मौजूद रहे ।

### उड़ानकैपिटल और सेंट गोबेन ने एमएसएमई क्षेत्र में चैनल फाइनेंसिंग को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की

**रायपुर 19 फरवरी।** भारत की प्रमुख फिनटेक कंपनियों में से एक, उड़ानकैपिटल ने आज दुनिया में शीशे के प्रमुख निर्माताओं में एक सेंट गोबेन की सब्सिडियरी, सेंट गोबेन ग्लास बिजनेस के डिस्?ट्रीब?यूशन नेटवर्क को 170 करोड़ रुपये से अधिक की कार्यशील पूंजी को मोहैया कराने की घोषणा की है। सेंट गोबेन के वितरकों एवं रिटेलर्स के लिए यह वितरण उड़ानकैपिटल के चैनल फाइनेंसिंग प्रोग्राम के माध्यम से कंपनी के साथ हुई साझेदारी के जरिये किया गया है। इस फाइनेंसिंग प्रोग्राम को सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयों (एमएसएमई) के लिए लाया गया है। इस सहयोग के तहत, उड़ानकैपिटल ने 20 महीने से ज्यादा समय में देश के 23 राज्यों के 122 शहरों में फैले 200 से ज्यादा वितरकों को अपने साथ जोड़ा है। कोविड के बाद, ब्रांड्स की दिलचस्पी ऐसे सोलूशन्स की तलाश करने में बढ़ गई है, जो उनके खातों में प्राप्त होने योग्य राशि (रिसीवेबल्स) को बढ़ाए बिना और ज्यादा लोन लिए बगैर एमएसएमई खरीददार समूह में कैश के प्रवाह को बढ़ावा दे। चैनल फाइनेंसिंग पार्टनर का मूल्यांकन करते समय सेंट गोबेन का मूल उद्देश्य पूरे भारत में इस प्रोग्राम को विशाल पैमाने पर बढ़ावा देना था। इसका मकसद अपने एमएसएमई खरीददारों के लिए एक ऐसा तकनीकी समाधान खोजना भी था, जो मौजूदा कैश छूट के ढांचे का लाभ देने में सक्षम हो। ब्रांड्स और उसके एमएसएमई खरीददारों दोनों को लाभ देने के लिए उड़ानकैपिटल पसंदीदा पार्टनर के रूप में उभरा है। उड़ानकैपिटल की ऐप उधार लेने वालों को सहजता से जोड़कर सेंट गोबिन को उनके बिल के तुरंत भुगतान की सुविधा देती है। इससे नकदी के प्रवाह में तेजी आती है, बिक्री बढ़ती है और चैनल साझीदारों, वितरकों और डीलरों से संबंध मजबूत बनते हैं।

# हिड़मा के घर पहुंच पुलिस एसपी किरन चौहान ने उसकी मां से की बात

## सुकमा पुलिस ने अपने इतिहास में अब तक का सबसे खतरनाक कैंप खोलने में सफलता हासिल की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 19 फरवरी।** सुकमा जिले का यह सरहदी इलाका नक्सलवादियों की जननी और संगठन के बेहद सुरक्षित पनाहगार के रूप में जाना जाता है। इस गांव में कैंप खोलने को लेकर कहा जा रहा है कि यह पुलिस का अब तक का सबसे खतरनाक कैंप हैं, सुकमा के सरहदी गांव पुर्वर्ती है। लेकिन इसकी पहचान दुर्दांत नक्सली हिड़मा के गांव के रूप में की जाती है। यह इलाका नक्सलियों के मिलिट्री बटालियन नंबर 1 का भी माना जाता है। इस गांव को बड़े नक्सलियों की जननी भी कहा जात है क्योंकि यहां 40 लाख के इनामी नक्सली हिड़मा और हाल ही में टेकलगुड़ा हमले का मास्टरमाइंड देवा जिस पर 10 लाख का इनाम घोषित है वो भी इसी गांव का है। इसके साथ ही यहां पापाराव, आरके जैसे नक्सलियों का बेहद सुरक्षित पनाहगार के रूप में जाना जाता रहा था। इसलिए इसे पुलिस के सबसे चुनौतीपूर्ण वाले कैंप के रूप में देखा जा



रहा है। लेकिन जवानों ने ना सिर्फ यहां तक अपनी पहुंच बनाई बल्कि नया कैंप स्थापित किया। सुकमा पुलिस अपने इतिहास में अब तक का सबसे खतरनाक कैंप खोलने में सफलता हासिल की है। इसके लिए एसपी किरण चव्हाण खुद मौके पर मोर्चा संभाले हुए हैं।

**कौन है हिड़मा व देवा :** पूवर्ती गांव का रहने वाला हिड़मा 35से ज्यादा हमलों में शामिल रहा है। 2001 से नक्सल संगठन में काम कर रहा है। हिड़मा पर ताड़मेटला हमला, जिसमे 76 जवान बलिदान हुए थे, बुर्कापाल जिसमे 24 जवानों की शहादत हुई थी, ऐसी कई घटनाओ का मास्टरमाइंड माना जाता है। उस पर 25 लाख का इनाम घोषित है। वहीं हिड़मा चार लेयर के सुरक्षा घेरे में रहता है। वहीं बारसे देवा भी इसी गांव का है। बारसे देवा ने हाल ही 30 जनवरी को टेकलगुड़ेम में हमला किया था उसमें 3 जवान शहीद हुए थे। बारसे देवा झीरम जैसी घटनाओं में शामिल रहा है। वर्तमान में बटालियन की कमान देवा के हाथ मे है।

**कब और कैसे भर्ती हुआ हिडमा नक्सल संगठन में :** 1996 में बदरना ने ही हिडमा को माओवादी संगठन में भर्ती किया।हिडमा ने 16 साल की उम्र में उसके गांव पूर्वती में माओवादियों की ग्राम राज्य कमेटी ने उसे चुना और भर्ती हुई । ट्रेनिंग के बाद हिडमा की पहली पोस्टिंग महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में की गई।

बस्तर में बीते चार दशकों से नक्सलियों के खिलाफ जंग जारी है. अब यह लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है. पूवर्ती में कैंप स्थापित कर जवानों ने नक्सलियों के मनोबल को करारा झटका दिया है. कभी इन इलाकों में सुरक्षाबल के जवान जाने से घबराते थे लेकिन नक्सलियों के मजबूत इलाकों में बीते ढाई महीने में 7 कैंप खोले गए हैं.

**नक्सलियों के खेत पर जवानों का कब्जा :** पूवर्ती गांव के करीब नक्सलियों ने 3 से 4 एकड़ जमीन में सब्जी की फसल की है. संगठन में रहने वाले लड़कों के लिए नक्सली कई प्रकार की सब्जियां उगाते हैं. गांव के बाहर नक्सलियों ने मोर्चे भी तैयार कर रखे हैं. लेकिन अब इन सबके ऊपर सुरक्षाबलों ने अपनी हुकूमत जमा ली है.

**नक्सलियों के रेस्ट रूम और स्कूल को बनाया वॉर रूम :** पूवर्ती गांव के बीचों बीच नक्सलियों ने अपने रहने के लिए झोपड़ी का निर्माण किया था जिसे रेस्ट रूम की तरह इस्तेमाल किया जाता था।

# जीवन में सत्संग मिलने पर ही होगा भाग्योदय:राजीवनयन महाराज

**रायपुर 19 फरवरी।** महत्व शब्द का अर्थ हैं विशेषता, विशेषता शब्द का अर्थ हैं विशिष्ट, जब तक किसी व्यक्ति या वस्तु का महत्व समझ में नहीं आता तब तक न उसके प्रति श्रद्धा होती है ना ही विश्वास होता है और ना ही प्रेम होता है। भागवत की कथा का महत्व एक ही है धुंधकारी अगर भागवत कथा का श्रवण करता है तो सहज ही उसका मोक्ष हो जाता है। जब धुंधकारी जैसे पापीं का मोक्ष हो सकता है तो निश्चित है कि आपका मोक्ष भी सुनिश्चित है, लेकिन आप इतने बड़े पापी नहीं हो, लेकिन थोड़े बहुत हो लेकिन वह चल जाएगा। श्रीमद् भागवत में लिखा है कि मनुष्य का भाग्योदय कब होता है। आप समझते हैं कि पुत्र नहीं है और उसकी प्राप्ति हो गई तो आपका भाग्योदय हो गया, धन नहीं और वह प्राप्त हो गया तो भाग्योदय हो गया, पत्नी नहीं है और वह मिल जाए तो भाग्योदय हो गया। लेकिन श्रीमद् भागवत में लिखा हैं कि भाग्योदय दैन बहुचन समरचितैनु, सत्संग मम चल लभतय शो यदाचि। इसका मतलब जीवन में जब तक सत्संग और उसका श्रवण मिले तो ही तुम्हारा भाग्योदय होगा। हिंद स्पोर्टिंग मैदान लाखेनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सत्संग के दौरान संत राजीव नयन महाराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि आज तुम्हारा भाग्योदय हुआ है इसलिए कि सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रहे है। छत्तीसगढ़ में सबसे पहला अनुष्ठान है, इतने बड़ी संख्या में महिलाओं और बहनों ने पार्थिव शिवलिंग बनाई यह उन्हें उम्मीद नहीं थी। यह भगवत कृपा है और मुझे विश्वास है कि 9 दिन मे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग की जगह 5 दिन में ही बनकर तैयार हो जाएगा। कुछ लोग तो मशीन की तरह शिवलिंग बना रहे है। जीव का भाग्योदय तब होता है जब जीव परमात्मा से जुड़ जाता है। संसार में सभी अनाथ है,



जब तक परमात्मा से नहीं जुड़ते है तब तक आप अनाथ है और जब आप उनसे जुड़ गए तब नाथ हो गए। विश्वामित्र ने कहा था रामजी को दे दो मै सनाथ हो जाऊंगा, तो किसी ने कहा कि रामजी नहीं मिल पाएंगे, जब तक रामजी आपके साथ नहीं होंगे तब तक आप अनाथ है और जब ब्रम्ह साथ हो जाता है तो जीव सनाथ हो जाता है। जहां लोग भागते हैं हम वहां ठहर जाते है। जब तक हम भगवत में प्रवेश नहीं करेगे तब तक हमें भगवान की प्राप्ति नहीं होगी। जो जन्म का कारण नहीं, जो हमारे पालन का कारण है और जो हमारे संघार्ष का कारण है वह परमात्मा है। ब्राम्हण के रुप में साक्षात ब्रम्हा हमारा सृजन करते है, विष्णु के रुप में वह पालन करता है और शिव के रुप में वह संहार करता है। अन्नवया शब्द का अर्थ है जैसे घट बन गया तो वह मिट्टी है और मिट्टी से घट बन गया तो वह मिट्टी ही रहेगा। स्वराज शब्द का अर्थ है जिसको प्रमाणित करने के लिए किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं है वह स्वराज है। सूर्य स्वमेव प्रमाणित है उसको देखने के लिए संसार में किसी भी प्रकार की प्रकाश की आवश्यकता नहीं है। ऐसे ही परमात्मा में प्रमाणित करने के लिए दूसरे किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह साक्षात है। जब वेद व्यास जी ने श्रीमद् भागवत की रचना की तो इस रचनाकार ने किसी भी देवता का नाम भागवत में नहीं लिखा। यदि वो राम, शिव, कृष्णा का नाम लिखते तो सभी भक्त बोलते यह तो हम भक्तों की है। जो सत्य को स्वीकार करते है भागवत ग्रंथ उनका है। भागवत का परम अधिकारी वह है जो जीवन में सत्य को धारण किया है। दुनिया का कोई ऐसा धर्म नहीं है जहां सत्य को स्वीकार न किया जाए। यह स्पष्ट रुप में कहा जा सकता है कि विश्व के तमाम जीव के मात्र उद्धार के लिए वेदव्यास ने इस भागवत को लिखा है।

## समाचार संक्षेप

### बैग लेस डे में खिलौना आधारित कार्यशाला आयोजित



**रायपुर 19 फरवरी।** अवसर था बैग लेस डे का जब बच्चे स्कूल में खेलकूद के साथ साथ मस्ती करते हैं । इसी को ध्यान में रखकर रोटरी क्लब रायपुर ने बुढापारा शासकीय प्राथमिक शाला में खेल खेल में शिक्षकों , छात्र छात्राओं के लिए खिलौना आधारित शिक्षा का आयोजन किया जिसमें प्रशिक्षिका - लॉयन मधु यादव ने अत्यंत ही सरल सहज तरीके से एक घोड़े से भाषा हिंदी अंग्रेजी गणित और पर्यावरण को पढ़ाया । सबसे अधिक व सही जवाब देने वाले छात्र विराट को पांच सौ रुपए का नगद पुरस्कार रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर साई बाबा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल की न्यूत्रिशियन डॉ अनिता एवं मुस्कान के द्वारा बच्चों को उचित आहार की जानकारी प्रदान की गई । इस अवसर पर अंजली शितूत , मधु यादव , मुस्कान माहौथ द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बिस्कुट और चाकलेट वितरित किए गए ।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



**रायपुर 19 फरवरी।** मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के हिन्दी विभाग द्वारा 'वृद्ध विमर्शः कल, आज और कल' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर वृद्धों के आंसू छलक आए। इस संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ सहति देशभर के विभिन्न राज्यों के सौ से भी ज्यादा शोधार्थियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपने शोध पत्र प्रेषित किये। मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष और प्राध्यापक डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि समाज में वृद्धों के सम्मान के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। वरिष्ठ नागरिकों को संगोष्ठी में आमंत्रित अतिथिगणों देश की प्रसिद्ध महिला साहित्यकार अलका सरावगी, मनीषा कुलश्रेष्ठ, प्रसिद्ध गज़लकार और समालोचक तथा अंतरराष्ट्रीय हिन्दी समिति न्यूयॉर्क के सदस्य श्री प्रेम भारद्वाज ज्ञानभिक्षु, कुलपति प्रो. के.पी. यादव द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.एस कुरील, मूलतः इंग्लैंड निवासी वरिष्ठ प्रवासी महिला साहित्यकार जया वर्मा, सत्र अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संदीप अवस्थी (राजस्थान), प्रसिद्ध साहित्यकार और कल्याण महाविद्यालय भिलाई के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतकर्ताओं को स्मृंति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक शास. दू.ब. कन्या महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा थीं। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा, डीन एकेडमिक डॉ. विजय भूषण ने इस आयोजन की सराहना करते हुए समाजिक कर्तव्यों के निवर्हन की दिशा में सार्थक कदम बताया। संगोष्ठी का संचालन शोधार्थी ज्योति होता और नोमेश्वरी साहू ने किया। हिन्दी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. कमलेश गोगिया और डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया। हिन्दी विभाग के शोधार्थी रतिराम गढ़ेवाल और निधि पाणिग्रही ने वरिष्ठ नागरिकों को परिवहन में महत्वूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर हिन्दी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. सुनीता तिवारी, प्रियंका गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण और सम्मानीय नागरिक उपस्थित थे। राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी के गज़ल संग्रह इल्तिजा है मेरी का विमोचन प्रसिद्ध महिला साहित्यकार अलका सरावगी, मनीषा कुलश्रेष्ठ, प्रसिद्ध गज़लकार और समालोचक प्रेम भारद्वाज, ज्ञानभिक्षु, कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. के.पी. यादव और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा ने किया। इस संग्रह में विभिन्न समसामयिक विषयों से संबंधित 90 गज़लें सूफियाना अंदाज में संकलित हैं जो हिन्दी तथा उर्दू मिश्रित नई शैली में लिखी गई हैं। इस संग्रह में अनेक कविताएँ प्रेम और अनुभूति का संसार रचती हैं। इस संग्रह में मौसम, प्यार, बारिश, देश, परिवार, प्रकृति, पिता, किताबें, ज्ञान-विज्ञान और चंद्रयान की सफलता का सुख भी है। आशा और विश्वास के सहारे सुमिरन है।

# शक्ति वंदन अभियान में 16 गांवों के उत्तकृष्ट स्व सहायता समूह का हुआ सम्मान

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** जिला राजनांदगांव के टेडेसरा क्षेत्र में तीन कलस्टर की सैकड़ो की संख्या में महिला समूह एकत्र हो भव्य कार्यक्रम को रूप दिए और शक्ति वंदन कार्यक्रम में सोमानी सेक्टर से खुटेरी से नारी शक्ति,मनगटा से उन्नति,टेडेसरा नारी एकता, सांकरा विकास ठाकुरटोलासूरज। पदुमतरा सेक्टर से भठागांव से गायत्री, बरगा आदर्श,डूमरडीह कलाअग्नि, गठुला से समृद्ध,रिवगहन अंजनी माता,, सुरगी सेक्टर से परिखुर्द सुमन, भरेंगांव तुलसी,मोखला साधना,खैरा भारती,मुड़पार ज्योति इन महिलाओं को अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का सम्मान मिला ।शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत कुल 03 बिहान संकुल संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से 03 आयोजन एक ही मंच पर किया गया शक्ति वंदन अभियान, महिला सम्मेलन एवं संकुलों का 09 वां वार्षिक उत्सव, आयोजन में 06 बहनों के मानस गायन कांकेतरा का प्रदर्शन किया गया, उत्कृष्ठ 15 ग्राम संगठनों पुरुस्कार दिया गया, बिहान सदस्यो द्वारा सक्सेस स्टोरी



सुनाया गया, कार्यक्रम में 15 सौ से अधिक सदस्य शामिल हुए, वार्षिक उत्सव उल्लास के साथ मनाते हुए महिला समूह ने केक भी काटा। शक्ति वंदन को धूमधाम से मनाने हेतु ककेतरा की सातों बहनों ने संगीत में प्रस्तुति दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक पूर्व सांसद माननीय श्री मधुसूदन यादव जी, एवम जिला महिला समूह संपर्क अभियान की संयोजिका जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी ,मंडल अध्यक्ष र ो हि त चंद्राकर,महामंत्री मनोज साहू, देव कुमारी साहू उपस्थित थे एवं क्षेत्र के माननीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, ज़िला पंचायत व जनपद पंचायत से एनआरएलएम की पूरी टीम उपस्थित रहे तथा सखी संकुल संगठन सोमनी की अध्यक्ष सविता यादव वृंदावन संकुल संगठन सुरगी की अध्यक्ष तारा सोनकर आँचल संकुल संगठन की अध्यक्ष संतोषी वैष्णव इनके द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन संगठन में शामिल 15 ग्राम संगठनों का भी सम्मान किया गया है।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोयनार के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर 19 फरवरी।** अनुविभागीय अधिकरी (रा.) तोकापाल द्वारा विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायत कोयनार शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन ग्राम पंचायत कोयनार द्वारा संचालित किया जा रहा है। खाद्य निरीक्षक दरभा के प्रतिवेदन के आधार पर उक्त ग्राम पंचायत कोयनार स्थित शासकिय उचित मूल्य की दुकान का नवीन आबंटन किया जाना है।

ग्राम पंचायत कोयनार विकासखण्ड दरभा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक पंजीकृत सहकारी समितियां,ग्राम पंचायत, महिला समूह, वन सुरक्षा समिति द्वारा 20 फरवरी 2024 तक कार्यालयीन अवधि में आवश्यक सम्पूर्ण दस्तावेज सहित कार्यालय अनुविभागीय अधिकरी (रा.) तोकापाल में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियमित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। इससे पहले भी उक्त पंचायत में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किये जाने हेतु आवेदन मंगाए गए थे, नियमित समय अवधि में कम आवेदन प्राप्त होने के फलस्वरूप नवीन प्रस्ताव जारी किया गया है।




# जनसमस्या निवारण शिविर में 125 आवेदनों में से 72 आवेदनो का निराकरण

**रायपुर 19 फरवरी।** जिस मूलनिवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, ऋष्टा पुस्तिका के लिए हफ्ते भर का समय लगता है, लेकिन आज वह घण्टे भर में बन गए और हितग्राहियों को हाथों में तत्काल मिल गए। यह नजारा था कलेक्टोरेट परिसर का। जहां आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसके पूर्व में तहसील एवं राजस्व मंडंल स्तर पर भी शिविर का आयोजन किया गया था। आज शिविर में संभागायुक्त डॉ संजय अलंग और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण हुआ। कुछ के लिए समय सीमा निश्चित कर समाधान करने की कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

शिविर में आवेदको द्वारा नामांतरण के संबंध में 31 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें स्थल पर 22 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। खाता विभाजन के कुल 02 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें प्रकरण दर्ज किया गया। सीमांकन के 05 आवेदन में से 03 आवेदनों का निराकरण स्थल पर किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। किसान-किताब के 08 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र के 19 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। राजस्व संबंधी अन्य आवेदनो की कुल 48 आवेदनों में 18 आवेदन का निराकरण स्थल पर किया गया शेष प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार कुल 125 आवेदनो में से 72 आवेदनो का स्थल में निराकरण किया गया शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों का निर्देशित किया गया। शिविर में सभी तहसीलों के



राजस्व अमला मौजूद था। कलेक्टर सभी तहसीलों के टेबल पर गए उनके आवेदन की स्थिति जानी और आवेदकों से भी बात की। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने राजस्व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें। जो समस्या जल्द निराकृत हो सकती है। उसका समाधान करें, जो समय सीमा के भीतर अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं तहसीलवार मौके पर जाकर समीक्षा करेंगे और लंबिल राजस्व प्रकरण की जमीनी हकीकत की जानकारी लेंगे।

लंबे समय से लंबित सीमांकन के लिए आए श्री कृष्णकुमार, कलेक्टर ने दिया सप्ताह भर के भीतर करने का निर्देश शिविर में आए चंगोराभाठा निवासी श्री कृष्ण कुमार चौधरी ने बताया कि 1992 में पिता जी ने पांच लोगो के साथ मिलकर बच्चों के भविष्य के लिए 15 हजार स्क्वेयर फिट भूमि खरीदी थी। जिसका सीमांकन के आवेदन लगातार उनके द्वारा जब वो जीवित थे और उनके देहांत के पश्चात हम लगातार लगाते रहे। 15 सालों से। हर बार नाप-जोख किया जाता था। लेकिन प्रक्रिया पूरी नही होती थी। आज शिविर में कलेक्टर डॉ सिंह के पास मैने आवेदन देकर अपनी समस्या बताई। कलेक्टर डॉ सिंह ने अधिकारियों को प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए और कहा कि सप्ताह भर के भीतर सीमांकन बाटांकन हो जाएगा।

ग्राम तेंदुआ निवासी श्री ईश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि मुझे पटवारी और कोटवार से शिविर की जानकारी मिली। शिविर में पहुंच कर ऋष्टा पुस्तिका नवीनीकरण आवेदन दिया। घंटे भर के भीतर ही मुक्षे प्राप्त हो गया। उन्होंने कलेक्टर डॉ सिंह को धन्यवाद दिया। शिविर में रायपुर तहसील के ग्राम कांदुल निवासी श्री अनुज चन्द्राकर और रामचरण ने भूमि नामांतरण के लिए आवेदन दिया। जिसके कुछ समय भीतर ही उन्हें प्रक्रिया पूरी कर कागजात प्रदान कर दिए गए। शिविर में पंडरी के काली नगर निवासी श्री अमन मिश्रा आए और उन्होंने स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनाने आवेदन दिया। कलेक्टर के निर्देश पर कुछ समय के भीतर प्रक्रिया पूर्ण कर प्रमाण पत्र दे दिया गया। उन्होंने कलेक्टर को इसके लिए धन्यवाद दिया। रवि नगर रायपुर निवासी आरिफ मोहम्मद ने बताया कि वे पूर्व में भूमि नामांतरण कर ऋष्टा पुस्तिका प्रदान नही किया गया था। आज शिविर में पहुंच मैने कलेक्टर को अपनी समस्या बताई। उन्होंने तत्काल निर्देशित कर प्रक्रिया पूर्ण कर ऋष्टा पुस्तिका उपलब्ध कराया। मठपुरेना निवासी अब्दुल बहार अंसारी ने बताया कि उन्होंने करीब एक हजार वर्गफुट जमीन क्रय की थी। जिसका नामांतरण पूर्व में करा लिया था। विक्रेता के द्वारा भूमि का आवासीय परिवर्तन कराकर विक्रय किया गया परंतु उनके बी-1 खाते में कृषि का उल्लेख था। उनके आवेदन देने पर तत्काल उनके समस्या का समाधान हो गया।शिविर में कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। इनमें गजानंद साहू सांप काटने के कारण, श्रीमती गौरी तांडी तालाब में डूबने, रोमनाथ रात्रे तालाब में डूबने, श्रीमती अशवंतीन के खारून में डूबने, मनीष शर्मा नदी में डूबने, फिरंता यादव को सांप के काटने, राधा ठाकुर आकाशीय बिजली के गिरने, गीता यादव तालाब में डूबने, कुंती लहरे तालाब में डूबने और श्रीमती राखी साहु खारून नदी के पानी में डूबने के कारण मृत्यु हो गई।

## एक नजर

### हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप ने जरूरतमंदों को उपचार के लिए दी सहायता राशि

छुरा, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम मैनपुर (पीपरछेडी) निवासी पीलूराम निर्मलकर द्वारा हृदय रोग एवं छुरा निवासी भारत सोनी की पुत्री उत्तरा सोनी के किडनी संबंधित बीमारी से पीड़ित होने पर उसके उपचार हेतु आर्थिक सहायता की अपील उनके परिजनों द्वारा हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास किया गया था।जिस पर समुचित जांच उपरांत दोनों पीड़ितों के उपचार हेतु क्रमशः 15000 रु एवं 20000 रु की आर्थिक सहायता का चेक पीलूराम निर्मलकर एवं पीड़िता की मां फूलमती सोनी को ग्रुप के डॉ. आनंद गुप्ता के द्वारा प्रदान किया गया।यह जानकारी ग्रुप के सचिव लक्की मेमन द्वारा दिया गया है।विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में लगभग 200 लोग जुड़े हुए हैं जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करता है। ग्रुप का एक ही उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना हो। ग्रुप से जुड़कर सहयोग करने के लिए गोपाल सोनी, लक्की मेमन, अमिताभ जैन एवं रीझे यादव से संपर्क कर सकते हैं। वर्तमान में सिर्फगरियाबंद जिले के निवासियों को ही इस ग्रुप द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है।

### 6 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा चलाए जा रहे, सभी प्रकार के नशे के खिलाफविशेष अभियान सिरजन के तहत अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 109/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 13 फरवरी को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी लालाराम मनहरे पिता बुधराम बंजारे उम्र 55 वर्ष साकिन रसेडी थाना सिटी कोतवाली से अवैध शराब 06 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रूपये को जप्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधी राम बंजारे, प्र आर. अंजोर सिंह मांझी, संतराम बंजारे, का विशेष योगदान रहा।

# निबंध, रंगोली, कविता पाठ, भाषण, रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता









छुरा, 19 फरवरी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समस्त हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूलों में 1 फरवरी से 20 फरवरी 2024 तक प्रति शनिवार को स्वीप गतिविधि अंतर्गत निबंध, रंगोली, कविता पाठ, भाषण, रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत शनिवार को हाई स्कूल हाई सेकेंडरी स्कूल खंड़मा, हाई सेकेंडरी स्कूल अकलवारा, हाई स्कूल दादरगांव पुराना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी मध्यम स्कूल छुरा में विभिन्न आयोजन किया गया जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर के निर्देश पर जनपद पंचायत के सीईओ के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त सीईओ आर के ध्रुव करारोपण अधिकारी कयाराम यादव समाजसेवी शीतल ध्रुव शामिल हुए आर के ध्रुव ने विद्यार्थी को संबोधित करते हुए बताया कि इस बार आचरण संहिता के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के कोई भी बच्चे चुनाव रैली में शामिल नहीं होंगे किसी प्रकार का पार्टी चुनाव चिन्ह ध्वज उठाकर प्रचार प्रसार में भाग नहीं लेंगे लेकिन विद्यालय के द्वारा रैली जागरूकता पोस्टर के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्य करेंगे जिससे शत प्रतिशत मतदान हो सके मतदान के दिन मतदान त्यौहार मनाये व मतदाताओं को बुथ स्थल जाने के लिए प्रेरित करें कार्यक्रम में शिक्षक गिरजा शंकर देवांगन, पोषणलाल वर्मा, राजेश्वरी ठाकुर, गणेश पटेल, रानू देवांगन, जी पी वर्मा, धर्मराज साहू, ऋषि साहू, कैलाश पटेल, पराग ध्रुव टी के साहू, आरती, प्रदीप मिश्रा, मोतीलाल साहू, बिनेश डडसेना, दिनेश साहू। योगेंद्रीकश्यप, के के साहू, संतराम दीवान, सुप्रिया भोई लीलाराम सिंहा फरस, अलका जैन, केशव साहू, भोज ध्रुव, विनोद देवांगन, ममता, चेमीन, एस के वर्मा, हेमलता साहू, करुण साहू, चेतना चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## बारना में अवैध रेत खनन बेलगाम

# प्रतिदिन 40 ट्रैक्टर से 500 ट्रिप रेत खनन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भखारा, 19 फरवरी। राज्य में कांग्रेस की सरकार जरूर बदली है, लेकिन रेत की खदान संचालन मामले में आज भी स्थिति वही की वही है। भाजपा सरकार डबल इंजन की सरकार चलाने की बात कर रही है लेकिन रेत खदानों के नाम पर आज भी खुलेआम राजस्व की चोरी हो रही है। बता दें कि कुरुद तहसील क्षेत्र के ग्राम बारना में ग्राम विकास समिति व तथाकथित लोगो के द्वारा ग्राम पंचायत को दरकिनार कर अवैध रेत का कारोबार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन 40 से 50 ट्रैक्टर लगता है जिसका प्रति ट्रैक्टर 200 से 250 रु तक ट्रिप लिया जाता है वहीं जब हमारे प्रतिनिधि ने ट्रैक्टर के ड्राइवर से जानकारी लिया तो उन्होंने बताया कि कोई पीटपास नही है एक ट्रैक्टर से 10 से 12 ट्रिप तक रेत की परिवहन हो रहा है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने हद तक यहा सरकार के सम्पत्ति पर डाका डाला जा रहा है। बारना में ग्रामीणों ने नाम न बताने के शर्त पर बताया कि कुछ गिने चुने तथाकथित लोगो के द्वारा यह काम करवाया जा रहा है जो ग्रामीण व समाज के ठेकेदार बने बैठे हैं जो गांव को बरगलाने का काम करते हैं वही गांव की विकास के नाम पर रेत खदान चलाते हैं लेकिन वह पैसा गांव का विकास न करके तथाकथित लोगो का विकास कर रही है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि रेत खदान के इस प्रकार संचालन से हमेशा गांव में लड़ाई झगड़ा का माहौल बना रहता है यह कार्य गांव में गम्भीर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। इस सम्बंध में हमने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियो से जानकारी लिया जिसमे बताया गया कि ग्राम पंचायत को इसकी जानकारी नही है ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है इसका अध्यक्ष दिलीप निषाद को बताया। वही दिलीप निषाद ने बताया कि ग्रामीण व्यवस्था के लिए हमारे यंहा ट्रैक्टर से अवैध रेत खदान संचालित कर रहे हैं। खनिज विभाग के अधिकारी बजरंग पैकरा ने जल्द कार्यवाही करने की बात कहे है।

## समाचार संक्षेप

### अल्ट्राटेक बैकुंठ व बिहान की महिला समूह को स्वालंबी बनाने की पहल



तिल्दा नेवरा, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के सीएसआर विभाग ग्राम विकास समिति, और छत्तीसगढ़ राज्य आजीवका मिशन के संपूर्ण तत्वाधान में ग्राम पंचायत कुंदरु की महिला समूह और किरना की महिला समूह के सशक्ति करण हेतु सिलाई सेंटर का लोकार्पण किया गया।140 महिलाओँ का महिला समूहों ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वही इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत तिल्दा के सीईओ विवेक गोस्वामी, छग आजीवका मिशन के आनंद भारद्वाज, एवं रफीकुन निशा और ग्राम पंचायत कुंदरू के सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा, ग्रामपंचायत किरना सरपंच नूतन साहू व अल्ट्राटेक प्लांट के एचआर विभाग के डी एच सुधेन्द्र पंडा, सीएसआर के प्रमुख्य राहुल देव महतो की इस कार्य में अहम भूमिका रही एवम सीएसआर से दीपेंद्र कुमार मिश्रा और मुन्ना लाल, समाज सेवी पप्पू देवांगन उपस्थित थे।

### ग्राम रावन, हिरमी एवं पड़कीडीह में शराब की अवैध बिक्री करने वाले तीन कोचिये गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अभियान सिरजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार हरीश यादव एवं निधी नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में थाना सुहेला पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 15 फरवरी को थाना सुहेला से निरीक्षक अजय झा, सउनि विजय केशरिया, सउनि पवन सिन्हा, प्रआर 958 समीर शुक्ला, आरक्षक 605 दिनेश चंद्रवंशी, 659 करन साय पैकरा, 835 बालेश्वर भगत, अश्वनी ध्रुव की पुलिस टीम द्वारा ग्राम पडकीडीह, हिरमी एवं रावन में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध रेड कार्यवाही कर तीन शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। ग्राम रावन में आरोपी दीपक वर्मा से 4200 रुपये कीमती मूल्य का 35 पाव गोवा अंग्रेजी शराब मात्रा 6.300 लीटर एवं मोटरसायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ष्ठत्न 22छ्व 6362 कीमती 20, 000 रुपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्र. 66/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। ग्राम पडकीडीह में आरोपी धनीराम कुर्रे पिता श्याम लाल उम्र 36 वर्ष से 2000 रूपये कीमत मूल्य का हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्रमांक 67/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। ग्राम हिरमी में आरोपी हेमंत उपाध्याय पिता भरत लाल उपाध्याय उम्र 22 वर्ष के कब्जे से 22 पाव देशी मदिरा मशाला शराब मात्रा 3.96 बल्क लीटर जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थान सुहेला में अपराध क्रमांक 68/24 धारा 34() आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सैकड़ों ने भरे आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा, 19 फरवरी। नगर पालिका परिषद भाटापारा के द्वारा विगत दिनों स्थानीय रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया था, शिविर के द्वितीय चरण में माता वाला सर्कस मैदान, रामसागरपारा स्कूल, इतवारी राम हाइ स्कूल व रावण भाटा मैदान में अलग-अलग स्थानो पर शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों से आवेदन लिए गए।।

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लगाए जा रहे इस शिविर में सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए। मातृत्व वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामान्य स्वास्थ्य जांच व प्रधानमंत्री विश्वकर्मायोजना जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को देने के साथ-साथ उनसे नियमानुसार आवेदन भी आमंत्रित किये गए।। उक्त शिविर में हितग्राहियों द्वारा अपने-अपने विचार भी व्यक्त किये गए।

भाजपा नेता आशीष जायसवाल ने संकल्प यात्रा के डिजिटल वाहन मे फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।। संकल्प यात्रा कार्यक्रम के शिविर में नेता प्रतिपक्ष व्यास नारायण यदु, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील यदु, पार्षद आशीष पुरोहित ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं और आने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन सरोज बघमार द्वारा किया गया।। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमओ अजय बहादुर सिंह, कार्यपालन अभियंता शंकर दयाल शर्मा, इंजीनियर राकेश सोनी, पार्षद गोवर्धन डहरिया, पार्षद पुरुषोत्तम यदु, पार्षद राजेश छाबड़िया मोहम्मद हारुन, राजा कामनानी, धनेश माधवानी, संजय ठाकुर, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी गण, विभिन्न विभागों से आए कर्मचारी, मिशन क्लीन सिटी मे कार्यरत महिलाये एवं योजनाओं के लिए बड़ी संख्या मे हितग्राही गण उपस्थित रहे।।, 15/ 2 /2024 व 16/ 2/ 2024 को चार चरणों में शिविर का आयोजन नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा किया गया था।

### मछुवा सहकारी समिति सदस्यता सूची के प्रकाशन के लिए दावा आपत्ति 21 तक

बलौदाबाजार, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ठाकुरदेव मछुवा सहकारी समिति मर्या. मोपका पं.क्र. 12 के द्वारा राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छ.ग. के निर्देश पर बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन के संबंध में साधारण सभा/विशेष साधारण सभा संपन्न किया जाना है। सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार, विकासखण्ड भाटापारा के कार्यालय सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या शाखा निपनिया के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो 21 फरवरी तक सोसायटी कार्यालय में एवं कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बलौदाबाजार में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में 22 फरवरी 2024 को किया जायेगा।

# पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने दवाई दुकानों में चलाया चेकिंग अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 19 फरवरी। पुलिस द्वारा भाटापारा शहर एवं भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत दवाई दुकानों की गई चेकिंग ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा के दवाई दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टेस्ट परचेसिंग के तहत भी दवाई दुकानों का भी मुआयना किया गया।

जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार की अध्यक्षता में 15.02.2024 को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त दवाई दुकानों एवं ड्रग एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित गई थी, जिसमें जिले के सभी दवाई विक्रेताओं को प्रतिबंधित एवं नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां, कफसिरप आदि का विक्रय नहीं करने, बिना डॉक्टरी पर्ची के दवाइयां नहीं बेचने आदि हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के परिपालन में 18.02.2024 को आशीष अरोरा एसडीओपी, निरीक्षक योग्यताबाली खापर्डे थाना प्रभारी शहर, निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी ग्रामीण एवं किशोर ठाकुर ड्रग इंस्पेक्टर के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा दवाई दुकानों का चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा दवाई दुकानों में उपलब्ध दवाइयां, स्टॉक रजिस्टर आदि का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही मेडिकल संचालकों से संदिग्ध एवं प्रतिबंधित दवाइयां की जानकारी लेने वाले संदिग्ध/असमाजिक तत्वों के संबंध में भी पूछताछ किया गया। संयुक्त टीम द्वारा टेस्ट परचेसिंग के तहत छद्म रूप में एक पुलिस स्टाफको दवाई दुकान में भेज कर प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां लेने का प्रयास किया गया, जिसमें संबंधित मेडिकल संचालक द्वारा ऐसी किसी भी प्रकार की दवाइयों के उपलब्ध या बिक्री होने के संबंध में स्पष्ट रूप से मना किया गया। चेकिंग अभियान में संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा शहर क्षेत्र अंतर्गत शैलेंद्र फॉर्मेशी जनरल स्टोर्स, प्रकाश मेडिकल, श्रीराम मेडिकल, राजा मेडिकल, गुरुनानक मेडिकल, गगनदीप मेडिकल, अग्रवाल मेडिकल सहित कुल 10 दवाई दुकानों की चेकिंग की गई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अभियान सृजन के तहत प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां का सुख नशे के रूप में इस्तेमाल की संभावनाओं को पूर्ण रूपेण रुकने हेतु चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202401092100058
अ/6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रजप्रीत सिंह भाटिया पिता हरविन्दर सिंह भाटिया व अन्य, जाति सिक्ख, निवासी वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़, तहसील-डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के द्वारा राजेन्द्र माहुले पिता पन्नालाल माहुले जाति लोहार निवासी बम्लेश्वरी वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ के स्वामित्व व आधिपत्य में नजूल शहर डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 212214 ए क्षेत्रफल 3994 वर्गफुट, 311.055 वर्गमीटर भूमि को पंजीकृत विक्रयपत्र के द्वारा दिनांक 01/12/2023 को क्रय किया है। आवेदक उपरोक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से नामांतरण करवाना चाहता है तथा उक्त भूमि को अपने नाम से राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत विक्रयपत्र की छायाप्रति, तलवाना फार्म पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 26/02/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
एवं नजूल अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग)



कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा ( छ.ग. )

क्रमांक/1273/तक./न.पा.परि./2024 | दन्तेवाड़ा, दिनांक 19/02/2024

रूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)

कौशल उन्नयन हेतु गोदना (टैटू) प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक का चयन

विषयांतर्गत लेख है कि जिला खनिज संस्थान न्यास के कौशल उन्नयन कार्यक्रम के अंतर्गत परंपरागत व आधुनिक टैटू (गोदना) कला से जुड़े पुश्तैनी युवा कलाकारों, तृतीय लिंग समुदाय, पुरूषों एवं महिलाओं को टैटू कला की संपूर्ण जानकारी देने व इन्हें रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम से जोड़ने कुल 25 हितग्राहियों हेतु 15 दिवसीय टैटू प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक टैटू (गोदना) कला प्रशिक्षकों से निम्नानुसार प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है, इच्छुक प्रशिक्षकों को निम्नांकित अंक गणना आधारित मूल्यांकन के उपरांत चयनित या निरस्त किया जा सकेगा:-

| क्र. | विवरण | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1 | मान्यता प्राप्त संस्थान से पंजीयन | 20 अंक |
| 2. | केन्द्र अथवा राजय शासन या उनकी अनुषंगी संस्थाओं के साथ मिलकर टैटू प्रशिक्षण का अनुभव | 10 अंक |
| 3. | अन्य टैटू प्रशिक्षण कार्य का अनुभव | 1. 0 से 02 वर्ष तक - 05 अंक<br>2. 02 से 05 वर्ष तक - 10 अंक<br>3. 05 से 10 वर्ष तक - 15 अंक<br>4. 10 वर्ष से अधिक - 20 अंक |
| 4. | टैटू कौशल प्रशिक्षण संबंधी प्रस्तुतिकरण एवं प्रदर्शन (Presentation) | 20 अंक |
| 5 | टैटू प्रशिक्षण शुल्क, टैटू कैटलॉग, फोटो प्रमाण पत्र सहित न्यूनतम दर (प्रति प्रशिक्षु के मान से) | 1. L1-- 30 अंक<br>2. L2-- 20 अंक<br>3. L3-- 10 अंक<br>4. अन्य- 05 अंक |

अतः उपरोक्त विवरण में दर्शित बिन्दुवार प्रस्ताव दिनांक 05.03.2024 समय शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

नियम व शर्तें:-

1. प्रतिभागियों की न्यूनतम संख्या 25 होगी एवं यह संख्या आवश्यकता अनुसार बढ़ाई या कम की जा सकती है।
2. उपरोक्त विवरण संस्था के लेटरपैड में सीलबंद लिफाफे के साथ निर्धारित तिथि में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा जिला द.ब.दन्तेवाड़ा में प्रस्तुत करना होगा।
3. सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) का होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

## एक नजर

### पार्किंग में खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 19 फरवरी।** हर्षित लैन मार्क सिंघानिया बिल्डिंग के पार्किंग से अज्ञात चोर ने एक्टिवा वाहन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भोसले पांडुरंग विनायक राव 31 वर्ष हर्षित लैन मार्क सिंघानिया बिल्डिंग में रहता है। बताया जाता है कि वह बिल्डिंग के पार्किंग में अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 केएक्स 5965 को खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पूर्व विवाद पर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 19 फरवरी।** सूर्यनगर गोगांव में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी भुनेश पटेल 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अजय मिरी, मिथुन मिरी एवं उसके भाई ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी अजय मिरी 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भुनेश पटेल, पंचु एवं उसका भाई ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाया। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 36 गिरफ्तार

**रायपुर, 19 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने सरोना चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी मनोज साहू 38 वर्ष, भोला ध्रुव 22 वर्ष, गोविंद देवांगन 19 वर्ष व विनोद सिंह 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी ओम धीवर 19 वर्ष व विष्णु साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी राकेश दत्ता 37 वर्ष एवं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी हसन खान 19 वर्ष, कल्लू उपाध्याय 33 वर्ष, मनोहर कुर्रे 33 वर्ष व भुखन दास मानिकपुरी 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रूपेश साकत 26 वर्ष व सुजीत नायक 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी जयसिंह 52 वर्ष व खम्मन निषाद 27 वर्ष एवं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी अनील कुमार बघेले 26 वर्ष को गिरफ्ताार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी धनेंद्र ढीढी 19 वर्ष, अमीत दास 30 वर्ष, नरेश माखिजा 38 वर्ष, हिमांसु शर्मा 31 वर्ष, आशीफअहमद खान 40 वर्ष व अनीकेत बोहरा 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र कश्यप 44 वर्ष, संजय मंडलवार 42 वर्ष, मन्नू यादव 24 वर्ष, प्रेम कुमार सिंह 21 वर्ष व भूवन पासी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राजेश यादव 25 वर्ष व धीरज ध्रुव 25 वर्ष एवं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी कमल नारायण साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी आनंद सिंह ठाकुर 25 वर्ष, विशाल कुमार गढेवाल 34 वर्ष, सिकंदर शेख 34 वर्ष, अब्दुल फारूक 32 वर्ष, विनोद हसदा 28 वर्ष व गोपाल घोष 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### रेलवे कर्मी से लूटपाट

**रायपुर, 19 फरवरी।** शहर में एक रेलवे कर्मी लूटपाट का शिकार हो गया। अज्ञात बाइक सवारों ने प्रार्थी को बीच रास्ते लूटकर भाग निकले। प्रार्थी के हवाले से पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना को अंजाम देने में 5 बदमाशों का हाथ है। रेलवे कॉलोनी भिलाई नगर निवासी मोती लाल 60 वर्ष रेलवे में गैंग मैन के पद पर कार्यरत है। वो सुबह ड्यूटी खत्म करने के बाद करीब चार बजे बाइक से घर जाने के लिए निकला। जैसे ही वह बाइक शो रूम के पास पहुंचा तो बदमाशों ने रास्ते में रोक लिया। उससे मारपीट कर मोबाइल लूट लिया। घटना के 36 घंटे बाद भी पुलिस ने अब तक न तो की है और न ही आरोपियों को पकड़ पाई है।

### 24 से सिरपुर महोत्सव का आगाज

**रायपुर, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में सिरपुर महोत्सव का आयोजन 24 फ़रवरी से होगा. यह महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा. इस बार लेजर शो और इंडियन आइडल फेम की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण में होंगे. महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा. सिरपुर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं. बता दें कि हर साल फ़रवरी महीने में इस महोत्सव का आयोजन होता है. तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी कला की प्रस्तुति देंगे. सिरपुर महोत्सव में स्थानीय और छत्तीसगढ़ी स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छंटा बिखरेगी. इसके लिए प्रदेश के ख्याति प्राप्त लोक कला मंचों से सम्पर्क किया जा रहा है. राज्य के ख्यातिनाम कलाकारों में सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू, प्रख्यात गायक सुनील सोनी सहित अन्य कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है. वहीं इंडियन आइडल फेमअभिजीत सावंत भी यहां अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे. इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के पुरातात्विक इतिहास को लेजर शो के माध्यम से दिखाने की तैयारी चल रही है. महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा. इसके लिए भी तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बैज ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

## लोस चुनाव में फतह हमारा लक्ष्य : आहूजा

**रायपुर 19 फरवरी।** लोकसभा चुनाव की तैयारी कांग्रेस ने जिला व ब्लाक स्तर पर भी शुरू कर दी है। जिला प्रभारी कमरकस कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने महासमुंद व बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक अध्यक्षों, यवा व महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई सहित पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों की बैठक ली। बैज ने बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैज ने कहा कि एकजुटता की ताकत सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी है। हमें देश तोड़ने वाली शक्तियों का अंत करना है। जिला प्रभारी व प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री अशोक राज आहूजा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करना ही हमारा लक्ष्य है। हम सब प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में पार्टी प्रत्याशियों के लिए तन-मन-धन से काम करें। प्रत्याशी कोई भी हो उसे विजयी बनाने की शपथ लेकर आज से ही मैदान में उतर जाए। बैठक में मौजूद विधायक संदीप साहू, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, शैलेश नितिन त्रिवेदी, विद्याभूषण शुक्ल, दिनेश यादव, रामविशाल शर्मा, सुशील शर्मा, नीलू सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने एक स्वर में रायपुर लोकसभा से कांग्रेस को जीताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाटापारा, कसडोल, पलारी, संडी, लवन, भाटापारा, सुहेला, तिल्दा सहित सभी ब्लाकों से कांग्रेसजन उपस्थित थे। सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस बैठक के बहाने बैज ने कार्यकर्ताओं को चार्ज तो किया ही साथ ही रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी चयन के पूर्व कार्यकर्ताओं का मन टटोल लिया। बैज ने चुनाव को लेकर कार्यकत्राओं की राय जानी।






रायपुर। तात्यापारा में प्रतिमा स्थल पर आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई।

## नगर निगम रायपुर की सामान्य सभा की बैठक 21 फरवरी को

**रायपुर 19 फरवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा निगम सभापति श्री प्रमोद दुबे के आदेशानुसार नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर सामान्य सभा सभागार में नगर पालिक निगम रायपुर की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 21 फरवरी 2024 बुधवार को प्रातः 11 बजे आहुत की गयी है. बैठक में पूर्व सामान्य सम्मिलन की बैठक कार्यवाही की पुष्टि की कार्यवाही की जायेगी.इसके बाद प्रश्नकाल होगा, जिसमें पार्षदों द्वारा पूछे गये प्रश्नों एवं उनके जवाब की कार्यवाही होगी. प्रश्नकाल हेतु एक घण्टे की अवधि नियमानुसार निर्धारित है. प्रश्नकाल उपरांत नगर निगम रायपुर के वार्षिक बजट वित्त वर्ष 2024-25 की प्रस्तुति होगी. नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर वित्त वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट पर महापौर का अभिभाषण निगम सामान्य सभा की बैठक में प्रस्तुत करेंगे. बजट वित्त वर्ष 2024-25 सहित नियमानुसार नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिये गये संकल्पों के अनुसार निर्धारित एजेंड़ों पर नियमानुसार प्रक्रिया के अन्तर्गत चर्चा एवं विचार विमर्श नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में किया जायेगा.

## राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के बाद लौटे सीएम व कैबिनेट मंत्री

**अधिवेशन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 19 फरवरी।** भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री एवं संगठन के अनेक मंत्री आज राजधानी लौट गए हैं। आज पीएमश्री स्कूल का उन्नयन का कार्यक्रम रखा गया है। र

ाजभवन से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान हैं। आज वे राज्यपाल से मिलेंगे। मुख्यमंत्री सचिवालय के अनुसार 200 से अधिक स्कूलों व शालाओं का उन्नयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षामंत्री शिरकत करेंगे। राजधानी प्रवास के दौरान आदिम जाति मंत्री रामविचार नेताम एवं प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने अनेक केंद्रीय नेताओं से मुलाकात की है। इन नेताओं से मुलाकात कर प्रदेश में हवाई सेवाओं का विस्तार करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की है।

### 20 से पुनः शुरू होगा बजट सत्र

20 फरवरी से बजट सत्र पुनः शुरू हो जाएगा। सत्र में विभिन्न मंत्रियों के विभागों के बजट की चर्चा होगी। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने अपने नजदीकी विक्रम सिसोदिया एवं बिसेन को निज सहायक के रूप में नियुक्त कर दिया है। अब यह फाइल वित्त विभाग में अनुमोदन के लिए गई है। ज्ञात रहे सुमित उपाध्याय पहले ही रमन सिंह के स्टाफ में नियुक्त किए जा चुके हैं। यह सत्र एक मार्च तक चलेगा। वर्तमान सत्र में बृजमोहन अग्रवाल, अरुण साव तथा गृहमंत्री के विभागों के अनुदान मांगों पर भी चर्चा हुई है।

## रविवि का दीक्षांत समारोह 20 को

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 19 फरवरी।** प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। आज दीक्षांत समारोह को सफल बनाने के लिए रिहर्सल परेड किया गया। रविवि के पीआरओ एवं राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए आज रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। इसमें पीएचडी, डी.लिट तथा विभिन्न विषयों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रविवि के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला एवं अन्य प्रभारी शामिल हुए। रविवि के ऑडिटोरियम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें राजनेता, शिक्षाविद् तथा शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संग्रहालय के प्रमुख भी शामिल होंगे। ऑडिटोरियम में जगह कम होने के कारण बाहर भी पंडाल लगाया गया है। ऑडिटोरियम में सिर्फ पास वालों को ही प्रवेश दिया जाएगा। राज्य में रविवि सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। इस कार्यक्रम में सभी सम्मानित लोगों को देशी परिधान पहनना होगा। रविवि के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्रों के भी शामिल होने की संभावना है। शासन की ओर से उच्च शिक्षा सचिव एवं राज्यपाल के स्टाफ के सदस्य भी शामिल होंगे।

## पुलिस ने की होटलों, लॉज, ढाबा, बार की औचक जांच, दिये दिशा निर्देश

**रायपुर 19 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत स्थित मरीन ड्राईव पास होटल रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित अन्य पुलिस बलों को लॉज, ढ़ाबा, कैफे एवं बार की चेकिंग हेतु ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षकगण के नेतृत्व में थाना प्रभारियों, थानों का बल सहित यातायात पुलिस के बल द्वारा थाना तेलीबांधा, माना एवं मंदिर हसौद क्षेत्र में स्थित होटल, लॉज, ढ़ाबा, कैफे एवं बार की आकस्मिक चेकिंग की गई।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा उक्त प्रतिष्ठानों को सही समय में बंद करने, सर्विस रोड में वाहन की पार्किंग नहीं कराने तथा नियमों का पालन करने संबंधी चेकिंग की गई। इसके साथ ही उक्त संस्थानों में नशा कर हुडदंग करने वालों तथा किसी प्रकार का कोई सूखा नशा तो ग्राहकों को परोसा नहीं जा रहा है, की भी चेकिंग की गई। हाईवे रोड में स्थित ढ़ाबा जहां लोग सर्विस रोड में अपनी वाहनों को पार्किंग कर यातायात बाधित करते है, ऐसे ढ़ाबा संचालकों को वाहनों को सर्विस रोड़ में पार्किंग नहीं कराने संबंधी चेतावनी दी गई तथा ऐसे वाहनों पर कार्यवाही की गई।

साथ ही संचालकों को कहा गया कि ढ़ाबों में गार्ड अथवा बाउंसर रखें जो वाहनों को सर्विस रोड़ में खड़ी ना होने दे जिससे यातायात सुचारू रूप से



संचालित हो सके। होटल, लॉज, ढ़ाबा, कैफे एवं बार के संचालकों को नियमों का पालन करने तथा निश्चित समयावधि में संस्थानों को अनिवार्य रूप से बंद करने सख्त निर्देश दिये गये। इसके साथ ही शराब पीकर दोपहिया/चारपहिया वाहन चलाने वालों तथा नशा कर व्ही.आई.पी. रोड़ के आसपास हुडदंग करने वालों के विरूद्ध भी अभियान चलाया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं हुडदंग करने वाले कुछ व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। चेकिंग अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन मनोज ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश चौधरी, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर (भा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा सुरेश ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा, थाना प्रभारीगण, थानों का बल तथा यातायात पुलिस का बल सहित लगभग 250 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## चौसिंगा की मौत के बाद अब जंगल सफारी में मीरकैट की मौत

**रायपुर 19 फरवरी।** जंगल सफारी में थोक के भाव में चौसिंगा की मौत का मामला शांत नहीं हुआ है, इसके पूर्व जंगल सफारी में मैसूर जू से लाए एक जोड़ी मीरकैट की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। एनिमल की मौत होने के बाद सफारी में वन्यजीवों के स्वास्थ्य की रक्षा करने वाले डॉक्टर को मीरकैट की मौत की खबर कई दिन बाद हुई। मीरकैट की लाश सड़ने के बाद बदबू आने पर सफारी के डॉक्टर को वन्यजीव की मौत की जानकारी मिली। इसके बाद एनिमल का पोस्टमार्टम कर दफना दिया। चोर गौरतलब है कि, दक्षिण आफ्रीका में पाए जाने वाले नेवला प्रजाति के वन्यजीव मीरकैट को सफारी प्रबंधन एक वर्ष पूर्व मैसूर जू से लेकर आया था। वन्यजीव को सफारी में लाने वन अफसरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर एनटीसीए तथा सीजेडए की टीम ने मीरकैट को मैसूर से जंगल सफारी लाने की अनुमति प्रदान की। सीजेडए से अनुमति मिलने के बाद भी मैसूर जू प्रबंधन मीरकैट को हैंडओवर करने को तैयार नहीं था। इसके लिए अफसरों को मैसूर जू प्रबंधन के साथ लंबी वार्ता करनी पड़ी, तब कहीं जाकर मैसूर जू प्रबंधन ने मीरकैट को ले जाने की अनुमति प्रदान की। सूत्रों के मुताबिक मीरकैट की मौत पिछले महीने ही हो गई। मौत किन कारणों से हुई है, उन कारणों की जानकारी वन अफसरों को नहीं है। सफारी में जहां वन्यजीवों को रखते हैं, उसके आसपास बदबू आने पर डॉक्टर ने बाड़ों की जांच की, तो पता चला कि जिस बाड़े में मीरकेट रह रहे थे, वहां उसकी लाश मिली। मीरकैट की लाश पूरी तरह से सड़ चुकी थी।

## 101 युवाओं ने किया रक्तदान

**रायपुर 19 फरवरी।** लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करने के लिए खमतराई के बरमदाई पारा में रहने वाले 101 युवाओं ने महासेवा संघ के बैनर तले रविवार को रक्तदान किया है। जिसमें बड़ी संख्या में युवक, युवतियों के अलावा महिला व पुरुष शामिल थे। महासेवा संघ और शिवनाथ ब्लड सेंटर के तत्वाधान में रविवार को विशाल रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन खमतराई के बरमदाई पारा में सुबह 8 बजे से शाम को 4 बजे तक किया गया। जहां डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम के द्वारा नेत्र जांच, स्त्री रोग, हड्डी रोग, दंत रोग, स्कीन, बी.पी, शुगर व खून जांच के अलावा दवाईओं का निःशुल्क वितरण किया गया। महत्वपूर्ण बात रही है युवक, युवतियों के अलावा 101 महिलाएं व पुरुषों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने का उनका मुख्य उद्देश्य यह था कि रक्तदान के प्रति लोगों को जागरुक करना। महासेवा संघ के पदाधिकारियों का कहना था कि पहचाने दर्द जो दूसरों का वही तो सच्चा इंसान है, कोई छोटा-मोटा यह दान नहीं रक्तदानी तो सबसे महान है। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।



## पैरी उद्गम एवं सिकासार जलाशय पर्यटन स्थल घोषित

**गरियाबंद 19 फरवरी।** गरियाबंद जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलो में पैरी उदगम भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को छत्तीसगढ़ सरकार के धार्मिक न्यास धर्मस्व एवं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में पर्यटन स्थल घोषित किया है जिससे पूरे गरियाबंद जिले के लोगो में उत्साह देखने को मिल रहा है बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने विधानसभा विभागीय बजट सत्र के दौरान गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग प्रमुखता के साथ विधानसभा सदन में उठाया और पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की इसे छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सहृदय स्वीकार करते हुए विधानसभा में ही पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल घोषित करने की घोषणा की इस घोषणा के बाद जल्द ही पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय छत्तीसगढ़ सहित देश के पर्यटल स्थल के मानचित्र में अंकित होकर पर्यटन क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने चर्चा में बताया कि विधानसभा में विभागीय बजट चर्चा के दौरान उन्होने बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाठीगढ़ पैरी उदगम एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करने की मांग किया जिस पर छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने तत्काल विधानसभा में ही पर्यटन स्थल घोषित करने की घोषणा किया है। श्री ध्रुव ने बताया पर्यटन स्थल घोषित होने के बाद अब यहां पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा यहां आने वाले श्रद्धालुओ और पर्यटको के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराया जायेगा। विधायक श्री ध्रुव ने पर्यटन स्थल घोषित करने पर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है। गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 03 किमी दूर पश्चिम दिशा में क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन व धार्मिक स्थल पैरी उदगम है यहां पहाड़ी के ऊपर से पैरी नदी का जन्म हुआ है जो आगे जाकर त्रिवेणी संगम राजिम में मिलता है और वहां प्रतिवर्ष कुंभ मेला का आयोजन किया जाता है साथ ही प्राचीन शिवमंदिर सहित अनेक देवी देवताओं की मंदिर और क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में पैरी उदगम स्थल को जाना जाता है. वही दूसरी ओर मैनपुर से महज 28 किमी दूर सिकासार जलाशय काफी मनोरम और प्राकृतिक स्थल है यहां हमेशा पर्यटको का आना जाना लगा रहता है लेकिन यहां पहुंचने वाले पर्यटको को सुविधाएं नही मिल पाता और पर्यटको को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ता है अब पर्यटन स्थल घोषित हो जाने के बाद पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय में पर्यटको और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी जिससे क्षेत्र में बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु भी पहुंचेंगे।

## रायपुर से अयोध्या धाम तक सीधी उड़ान शुरू करने उड्डयन मंत्री से अनुरोध

**रायपुर 19 फरवरी।** अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के दर्शन करने भक्तो में खासा उत्साह है ,इसे देखते हुए सरकार स्पेशल आस्था ट्रेन चला रही है । रविवार को जिले भर से तीसरा जत्था रवाना हुआ। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में सुबह से ही आयोध्या जाने वाले यात्रियों के आने का दौरा शुरू हो गया। जानकारी के मुताबिक प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात कर रायपुर से अयोध्या धाम तक सीधे फ्लाइट प्रारंभ करने संबंधी पत्र देकर मांग की, साथ ही जगदलपुर से नियमित इंडिगो विमान सेवा 31 मार्च से शुरू करने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा, छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि है, इस कारण हम सभी भगवान श्रीराम को अपना भांजा मानते है श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की भव्य और दिव्य प्राण प्रतिष्ठा ने मान, प्रधानमंत्री जी के प्रति प्रदेश में समर्थन और विश्वास अनेक गुणा वृद्धि हुई है। अब कार्यकर्ताओं को श्रीराम लला के दर्शन की योजना भी



प्रारंभ हो चुकी है। चूंकि रायपुर से अयोध्या हेतु सीधी उड़ान नहीं होने से श्रद्धालुओं को से वायुयान यात्रा करने में काफी परेशानी हो रही है। जिसके कारण प्रदेश की जनता द्वारा छत्तीसगढ़ को रामनगरी अयोध्या से जोड़ने हेतु रायपुर से अयोध्या तक सीधी उड़ान की मांग की जा रही है। रायपुर से अयोध्या को सीधे हवाई सेवा से जोड़ने से यात्रियों तथा श्रद्धालुओं के समय एवं धन की बचत के साथ साथ भगवान श्री राम के मंदिर दर्शन करने में भी सुविधा होगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26